वर्ष-11 अंक-81 पृष्ठ-8 मूल्यः 3 रुपये

प्रयागराज, बुधवार, 04 जून 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

11 YEARS ANNIVERSARY

आधुनिक समाचार नेटवर्क

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

Download From Google Play

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### अमृतसर में बीकेआई के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार और एक घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अमृतसर ।** पुलिस ने गुरलाल सिंह उर्फ हरमन के खुलासे के आधार पर अपराध में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए एक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोली चलाने की कोशिश की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। अमृतसर



कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक आतंकी और जबरन वसूली मॉड्यूल को ध्वस्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में बीकेआई के सक्रिय ऑपरेटिव जीवन फौजी के दो साथियों, तरनतारन के वेरोवाल निवासी करजप्रीत सिंह और गोइंदवाल साहिब निवासी गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जीवन फौजी पंजाब के सीमावर्ती जिलों में व्यक्तियों को निशाना बनाकर जबरन वसूली का रैकेट चला रहा था। उसने करजप्रीत और गुरलाल को .30 बोर की पिस्तौल उपलब्ध कराई थी और उन्हें अमृतसर में एक फर्नीचर की दुकान पर गोलीबारी करने का निर्देश दिया था। यह गोलीबारी जबरन वसूली के प्रयास का हिस्सा थी, जिसमें जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा में रहने वाले रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। पुलिस ने गुरलाल सिंह उर्फ हरमन के खुलासे के आधार पर अपराध में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए एक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोली चलाने की कोशिश की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में गुरलाल के बाएं पैर में गोली लगी, और उसे तुरंत अमृतसर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद; सेंसेक्स 77 अंक टूटा, निफ्टी 24750 से नीचे आया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को जहां सेंसेक्स में 77 अंक की गिरावट दर्ज की गई वहीं,




सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन निफ्टी और सेंकेक्स दोनों लाल निशान पर बंद हुए। जहां शुरुआती कारोबार में बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई हालांकि शाम को बाजार बंद होते-होते स्थिति थोड़ी संभली। निफ्टी 34.10 अंक गिरकर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77.26 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 81,373.75 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 34.10 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 24,716.60 पर आ गया।

## महाराष्ट्र सरकार के फूड लाइसेंस निलंबित करने पर जेप्टो ने दी सफाई, कहा- सभी जरूरी कदम उठा रहे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एफडीए ने जेप्टो के धारावी में स्थित केंद्र में भारी अनियमितताएं और स्वच्छता संबंधी समस्याएं पायीं। एफडीए ने पाया कि जेप्टो के कई फूड आइटम धारावी शिकायतों के बाद एफडीए ने जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित कर दिया था। अब कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि 'हम अपने कमियों को सुधारने और अपने उपभोक्ताओं को बेहतर और




में ऐसे स्टोर में रखे गए थे, जहां पूरी रोशनी नहीं थी और फूड आइटम पर फंगस लगी हुई थी। साथ ही फूड आइटम को ऐसी जगहों पर रखा गया था, जहां पानी रुका हुआ था। महाराष्ट्र सरकार के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जेप्टो का फूड लाइसेंस निलंबित करने पर अब कंपनी की सफाई आई है। जेप्टो ने बयान जारी कर कहा है कि वे अपनी कमियों को सुधारने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दरअसल स्वच्छता संबंधी सबसे सुरक्षित गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जल्द से जल्द विनियामक दायित्वों और कानूनों के अनुसार परिचालन फिर से शुरू करने के लिए सभी जरूरी सुधारात्मक उपाय कर रहे हैं। हमने पहले ही एक आंतरिक समीक्षा शुरू कर दी है और शर्तों के अनुपालन के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'एफडीए ने जेप्टो के धारावी में स्थित केंद्र में भारी अनियमितताएं और स्वच्छता संबंधी समस्याएं पायीं।

## विमानन क्षेत्र की मांग बढ़ने पर आईएटीए महानिदेशक ने जताई खुशी, कहा- उड़ान की लागत में आई 40 फीसदी की कमी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दुनियाभर की 350 से अधिक विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की



वार्षिक बैठक 42 साल बाद भारत में हो रही है। इसमें आईएटीए के डीजी ने विमानन क्षेत्र की बढ़ती मांग-लागत के बीच लाभ और सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया। देश-दुनिया में विमानन क्षेत्र की मांग लगातार बढ़ रही है। यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इस पर वैश्विक एयरलाइन संघ आईएटीए के महानिदेशक विली वाल्श ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि लागत और कर चुनौतियां लगातार बढ़ने के बाद भी उड़ान की वास्तविक लागत एक दशक पहले की तुलना में 40 प्रतिशत कम हो गई है। इस बार हवाई यात्रियों की संख्या सालाना पांच अरब को पार कर जाने का अनुमान है। 42 साल बाद भारत में हो रही आईएटीए की वार्षिक बैठक में वाल्श ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के चलते एयरलाइन उद्योग की विकास दर धीमी हो गई है।दुनियाभर की 350 से अधिक विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ का अनुमान है कि कंपनियां 979 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व पर 36 अरब अमेरिकी डॉलर का लाभ कमाएंगी। वाल्श ने कहा कि हमारा लाभ उस विशाल मूल्य के अनुरूप नहीं है जो हम एक मूल्य श्रृंखला के केन्द्र में सृजित करते हैं जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 3.9 प्रतिशत का समर्थन करती है तथा 86.5 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक विमानन बाजारों में से एक है और हवाई यातायात की मांग बढ़ रही है। जबकि हवाई किराये के बारे में चिंताएं बनी हुई हैं।आईएटीए के महानिदेशक वाल्श ने कहा कि विमान के मामले में विनिर्माण क्षेत्र बुरी तरह विफल हो रहा है। 17000 डिलीवरी बैकलॉग का मतलब है कि ऑर्डर देने और डिलीवरी के बीच 14 साल का इंतजार। 2025 के लिए निर्धारित डिलीवरी की संख्या एक साल पहले किए गए वादे से 26 फीसदी कम है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष से कम आयु के 1,100 से अधिक विमान स्टॉक में हैं। यह पूरे बेड़े का 3.8 प्रतिशत है, जो कोरोना से पहले की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। जबकि वार्षिक बेड़ा प्रतिस्थापन दर तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इससे राजस्व पर असर पड़ता है, क्योंकि कुछ मांग पूरी नहीं हो पाती।

## लैंड पूलिंग पॉलिसी को कैबिनेट की मंजूरी, प्रथम चरण में 27 शहरों में की जाएगी लागू



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पंजाब।** मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पॉलिसी के तहत किसान चाहे खुद, बिल्डर या सरकार को जमीन दे सकेंगे। 27 शहरों में प्रथम चरण में लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू की जाएगी। पंजाब कैबिनेट की अहम बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास पर हुई। लुधियाना पश्चिम विधानसभा उप चुनाव से पहले बुलाई गई बैठक में अर्बन डेवलपमेंट को लेकर अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट में लैंड पूलिंग पॉलिसी पास की गई। मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि पॉलिसी के तहत किसान चाहे खुद, बिल्डर या सरकार को जमीन दे सकेंगे। 27 शहरों में प्रथम चरण में लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू की जाएगी।

## मंत्री अरविंद शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में गाया भजन, बोले- मालिक घर जाना है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भगवान परशुराम जयंती समारोह में दबाव डालकर भीड़ एकत्रित करने के सवाल पर सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने भजन के माध्यम से विरोधियों को जवाब दिया है। पहरावर में हुए भगवान परशुराम जयंती समारोह में दबाव डालकर भीड़ एकत्रित करने के सवाल पर सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने भजन के माध्यम से विरोधियों को जवाब दिया है। रविवार को रोहतक के सर्किट हाउस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अरविंद शर्मा ने कहा सब अपनी मर्जी से समारोह में आए थे। उनकी किसी से कोई स्पर्धा नहीं है। गौड़ संस्था किस कारण से पीछे रह गई थी, उसे आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूं। इससे पहले मंत्री ने संस्था के विकास का खाका मीडिया के सामने रखा।

## कार और ट्राली की टक्कर में चार लोगों की मौत, बहन के कुआं पूजन समारोह से लौट रहे थे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हरियाणा।** महेंद्रगढ़-रेवाड़ी रोड पर कनीना के नजदीक उन्हानी गांव में ट्राले व वरना कार की भिड़ंत हो गई। वरना गाड़ी ने ट्राले को पीछे से टक्कर मारी और ट्राले के अंदर जा घुसी। महेंद्रगढ़- रेवाड़ी रोड पर कनीना के नजदीक उन्हानी गांव में ट्राले व वरना कार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। गश्त के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारी राकेश ने बताया कि तकरीबन दो बजे के आसपास उन्हानी नहर के पास खड़े ट्राले में तेज गति से आ रही वरना कार ने पीछे से टक्कर मार दी। वरना कार ट्राले के अंदर घुस गई। घायलों को बड़ी मशक्कत से निकालकर उप नागरिक अस्पताल कनीना पहुंचाया गया। जहां



चिकित्सकों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गौरव पुत्र दयाराम सिकोपुर गुरुग्राम 25 वर्ष, सचिन पुत्र मनोज सिकोपुर गुरुग्राम 26 वर्ष, अंकित पुत्र रकम सिंह, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 30 वर्ष और कंवर पाल पुत्र उदय भान, फरुखनगर गुरुग्राम के रूप में हुई है। शहर थाना पुलिसकर्मी राकेश ने बताया कि गौरव अपनी बुआ की लड़की के कुआं पूजन समारोह में महेंद्रगढ़ जिले के गांव निम्भेड़ा कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए आया था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी वापस गुरुग्राम जा रहे थे। तभी हादसा हो गया।

## घबराएं नहीं, सतर्क रहें कोविड के बढ़ते मामलों पर डॉक्टरों की सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में कोरोना के सात नए मामलों के बाद अस्पतालों में सतर्कता बढ़ा दी गई है, हालांकि सभी मरीज सामान्य स्थिति में हैं और होम आइसोलेशन में हैं। डॉक्टरों ने लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने और स्वास्थ्य नियमों का पालन करने की अपील की है।प्रदेश में कोराना के मामले सामने आने के साथ ही अस्पतालों में सतर्कता बरतते हुए उचित प्रबंध शुरू कर दिए गए हैं। साथ ही लोगों से कहा गया है कि वह घबराएं नहीं। अभी तक मिले सभी सात मामले सामान्य श्रेणी के हैं और किसी को भी अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया है। उन्हें घरों में ही आइसोलेट किया गया है।जम्मू संभाग में तीन और कश्मीर में कोरोना के चार मामले मिले हैं। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में ऑक्सीजन और दूसरी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभी तक सरकार की ओर से कोई



एडवाइजरी जारी नहीं की गई है। एहतियात के तौर पर अस्पतालों में तैयारियां पूरी करने को कहा गया है जीएमसी जम्मू में 30 बिस्तर वाले आइसोलेशन वार्ड सहित चार वार्डों में व्यवस्था की गई है। अभी किसी भी वार्ड में कोई मरीज भर्ती नहीं है। वहीं, कोरोना के मामले मिलने के बाद लोगों में भी सतर्कता दिखाई दे रही है। सार्वजनिक स्थलों पर लोग अब मास्क का प्रयोग कर रहे हैं। सार्वजनिक टेस्टिंग की कोई व्यवस्था नहीं है, लेकिन संदिग्ध मामलों के मेडिकल कालेजों में परीक्षण किए जा रहे हैं। जीएमसी जम्मू ने भी एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कोविड के बचाव के बारे में जागरूक किया गया है। इसमें हाथ को सही तरीके से धोने के बारे में जानकारी दी गई है। हाथ धोने के लिए सात तरीके बताए गए हैं। इसमें साबुन से हथेलियों को आपस में रगड़ने, हाथों के पिछले हिस्से में साबुन लगाने, उंगलियों के बीच में साबुन लगाना सुनिश्चित करना, हर हाथ की उंगलियों को पकड़ने, अंगूठे पर विशेष ध्यान देने, हर हथेलियों पर उंगलियों से दबाने, तौलिया/हैंड ड्रायर से हाथों को अच्छी तरह से साफ करें।

## सोना 100 रुपये गिरकर 98600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी एक लाख पर बरकरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमत में 100 रुपये के उछाल के साथ 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं, चांदी लगातार दूसरे दिन 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।मजबूत घरेलू मांग के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। जौहरी और खुदरा विक्रेताओं की मांग बढ़ने से यह बढ़त दर्ज हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली कीमती धातु 100 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमतें लगातार दूसरे सत्र में 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं।वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 21.91 डॉलर प्रति औंस या 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,295.82 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च, कायनात चैनवाला ने कहा किसोना 3,320 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर कारोबार कर रहा है। निवेशकों का ध्यान आगामी अमेरिकी कोर पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर (पीसीई) डेटा, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन की मुद्रास्फीति की उम्मीदों और उपभोक्ता भावना पर टिकी हुई है।



## नशा तस्कर को पकड़ने गए मुलाजिमों पर बरसाए ईंट-पत्थर, दो कर्मचारी घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पंजाब।** पंजाब पुलिस ने युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को पूरे राज्य में चलाया हुआ है। इस दौरान नशा तस्करों को चिन्हित कर उनके घर तक गिराए जा रहे हैं। उसके बावजूद नशा तस्करी के मामलों में कमी नहीं आ रही है।



नशा तस्करी के नामजद आरोपी को पकड़ने गए सीआईए स्टाफ के कर्मचारियों पर नशा तस्कर और उसके साथियों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। बचाव में सीआईए स्टाफ के कर्मचारियों ने हवाई फायर भी किए। प्रीत नगर में हुए इस हमले में सीआईए स्टाफ के दो कर्मी घायल हुए हैं। हमलावरों ने पुलिस की गाड़ी को भी तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में 7 आरोपियों पर केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि प्रीत नगर पठानकोट का रहने वाला आरोपी सुखबीर सिंह उर्फ दीपू बाट नशा तस्करी के मामले में नामजद है और अभी भी नशे का कारोबार करता है। सीआईए स्टाफ के पांच कर्मचारी एक गाड़ी में सुखबीर को पकड़ने के लिए शनिवार रात करीब 11 बजे प्रीत नगर पहुंचे। वहां पर आरोपी दीपू अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था। कर्मचारियों ने उसे गाड़ी में बैठने को बोला तो उसने हाथापाई शुरू कर दी। इसी दौरान सुखबीर और उसके साथियों ने ईंट-पत्थर मारने शुरू कर दिए। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच आरोपी सुखबीर को हिरासत में ले लिया। थाना डिवीजन नंबर. 2 के प्रभारी मनदीप सलगोत्रा ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता राजिंदर कुमार के बयानों पर आरोपी सुखबीर सिंह, केवल भाटरा, सन्नी प्रधान और सेठी समेत 7 अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की तलाश में छापामारी जारी है। पंजाब पुलिस राज्य को नशा मुक्त करने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है।

## रील बनाने के लिए अकील ने लगाई थी बड़ी नहर में छलांग, डूबने से चली गई जान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पंजाब।** जांच अधिकारी तरसेम ने बताया कि अकील अपने दोस्तों व भाई के साथ एक जून की दोपहर में मलौर हैड पर एसवाईएल में नहाने



के लिए आया था। सभी पहले पास के छोटे सुए में नहा रहे थे। इतने में अकील नहर में छलांग लगाते व नहाते हुए की वीडियो बनवाने के चक्कर में कूद गया था। नहर में कूदते हुए की वीडियो बनवाने की जिद में दसवीं कक्षा के छात्र 18 वर्षीय अकील ने अपनी जान गंवा दी। यह रील अकील के दोस्त बना रहे थे। जब अकील चंद सेकेंड में बाहर नहीं निकला तो दोस्त सहम गए और परिजनों को सूचित किया। इसका खुलासा नहर में अकील के संग नहाने आए दोस्तों व उसके बड़े भाई ने किया। हालांकि परिजनों के बयान पर नन्यौला चौकी पुलिस ने इत्तेफाकन मौत की कार्रवाई करने के बाद सोमवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी तरसेम ने बताया कि अकील अपने दोस्तों व भाई के साथ एक जून की दोपहर में मलौर हैड पर एसवाईएल में नहाने के लिए आया था। सभी पहले पास के छोटे सुए में नहा रहे थे। इतने में अकील नहर में छलांग लगाते व नहाते हुए की वीडियो बनवाने के चक्कर में कूद गया था। पानी की गहराई ज्यादा होने के कारण अकील ऊपर ही नहीं आ सका था। अकील तीन भाई-बहन है। वह दसवीं ओपन से कर रहा था।

## एक महिला सहित दो संक्रमित मिले, होम आइसोलेट; एक नोएडा में करता है जॉब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पंजाब।** स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद दोनों मरीजों को उनके घरों में ही 7 दिन के लिए होम आईसोलेट कर दिया है। साथ ही उन्हें इम्यूनिटी बूस्ट करने वाली



दवाएं आदि दी गई है। साथ ही विभाग ने दोनों मरीजों के परिजनों व संपर्क में आने वाले सदस्यों की भी सैंपलिंग शुरू कर दी है। अंबाला में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दी है। सोमवार को अंबाला में दो मरीजों में संक्रमण पाया गया है। इसमें एक 74 वर्षीय महिला तो दूसरा 43 वर्षीय व्यक्ति है और दोनों अंबाला सिटी के रहने वाले हैं। व्यक्ति नोएडा में जॉब करता है और अपने परिवार से मिलने के लिए आया था। हालांकि दोनों मरीज स्वस्थ है।स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद दोनों मरीजों को उनके घरों में ही 7 दिन के लिए होम आईसोलेट कर दिया है। साथ ही उन्हें इम्यूनिटी बूस्ट करने वाली दवाएं आदि दी गई है। साथ ही विभाग ने दोनों मरीजों के परिजनों व संपर्क में आने वाले सदस्यों की भी सैंपलिंग शुरू कर दी है ताकि पता चल सके कि कोई ओर तो संक्रमित नहीं है।जिला महामारी नियंत्रक डॉ. सुनील हरि ने बताया कि एक महिला व पुरुष में कोरोना का संक्रमण पाया गया है। दोनों होम आईसोलेट है। इस बार का संक्रमण कोई जानलेवा नहीं है लेकिन सावधानी बरतने की जरूरत है।






## पत्रकारों को भ्रामक एवं पक्षपातपूर्ण खबरों से बचने की नसीहत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बारा प्रयागराज।** क्षेत्र के नीबी, लोहगरा के पंचायत भवन में सोमवार को आयोजित पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज यूपी संघ के बैनरतले पत्रकार संघ की बैठक में पक्षपातपूर्ण एवं भ्रामक खबरों को प्रकाशित न करने तथा सभी पत्रकार साथियों से एकजुट होकर पत्रकारिता जैसे पुनीत कार्य करने की नसीहत दी गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पी सी पाण्डेय ने सभी पत्रकारों से एकजुट रहने एवं पत्रकारिता को एक मिशन मान कर कार्य करने की सलाह दी। प्रदेश संरक्षक कमलाकर सिंह एवं जिलाध्यक्ष प्रयागराज सुभाष शुक्ला ने पत्रकारों को भ्रामक एवं पक्षपातपूर्ण खबरों को प्रकाशित न करने की नसीहत दी। तहसील अध्यक्ष बारा रावेंद्र तिवारी ने पत्रकार हितों एवं उनके दुखदर्द में सहयोग की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बारा विधायक डॉ0 वाचस्पति ने पत्रकारों द्वारा किए जा रहे पत्रकारिता जैसे पुनीत कार्य की सराहना की। और पत्रकारों के किसी भी परेशानी में सहयोग की बात कही। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री सुरेश चन्द्र पाण्डेय ने किया। संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से राकेश चन्द्र शुक्ल उर्फ भोला गर्ग को बारा तहसील इकाई के संरक्षक पद का दायित्व दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलाकर सिंह,अशोक पाठक,सुरेश चंद्र पाण्डेय सोनू भटनागर,सुभाष शुक्ल,मोहम्मद सलीम,सुरेन्द्र कुमार,रावेंद्र तिवारी,राहुल यादव,मोहम्मद अली,नीरज केशरवानी, मनोज कुमार मिश्रा, राकेश मिश्रा, नईम अहमद, भानू मिश्रा, राम सिंह कबीर,वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, रत्नेश केशरवानी, माजिद अहमद,राकेश कुशवाहा, मनोज कुमार बिंद, मदन कुमार,आशीष विश्वकर्मा, दीपक पाण्डेय, छोटू बड़गैया,शिवेंद्र मिश्रा,सोनू दुबे, सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।



## करियर मार्गदर्शन और प्रेरणाः नैनी आईटीआई टॉक शो की झलक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी/ प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित टॉक शो में छात्रों और करियर काउंसलर और मोटिवेशनल स्पीकर शशी त्रिपाठी के बीच क्या चर्चा हुई होगी, इसकी एक झलकः **छात्रों के सवालः** अपने करियर में सफलता कैसे प्राप्त करें? आईटीआई के बाद क्या करियर विकल्प हैं? आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच कैसे विकसित करें? **शशी त्रिपाठी के जवाबः** अपने लक्ष्यों को निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। आईटीआई के बाद आप विभिन्न क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं, जैसे कि सरकारी नौकरी, प्राइवेट नौकरी, उद्यमिता आदि। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए अपने आप पर विश्वास करें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। छात्रों के लिए सुझावः अपने कौशल और ज्ञान को निरंतर अद्यतन रखें। नेटवर्किंग करें और अपने क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीखें। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए धैर्य और मेहनत करें। यह टॉक शो छात्रों के लिए बहुत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक होगा, जिससे उन्हें अपने करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।



## अपने कला और कौशल को निखारने हेतु करें स्व-सृजन दत्तात्रेय पाण्डेय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** अपने कला और कौशल को निखारने हेतु करें स्व-सृजन दत्तात्रेय पाण्डेय माननीय प्रधानमंत्री जी के पंच प्रण के मूल सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए विकसित भारत का लक्ष्य लेकर स्वरोजगार को बढ़ावा देने, अपनी प्राचीन कला, संस्कृति, ग्रामोद्योग की विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न प्रकार के रचनात्मक व रोजगारपरक व्यक्तित्व विकास हेतु प्रशिक्षण कराने के क्रम में प्रयागराज यमुनापार में पहली बार पीयूष ग्रामोद्योग सेवा समिति व यमुनापार लोक संस्कृति परिषद, यमुनापार कलाकार संघ तथा माँ शारदा संगीत समिति एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा छात्र/छात्राओं तथा मातृ शक्तियों को अपने कला और कौशल को निखारने तथा व्यक्तित्व विकास हेतु स्व-सृजन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 07 से 20 जून 2025 तक माँ शारदा संगीत समिति पी0 डी0 ए0 कॉलोनी, नैनी, प्रयागराज में प्रस्तावित है। उपरोक्त कार्यशाला में गायन (शस्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, भजन, लोकगीत, संस्कार गीत) नृत्य (उपशास्त्रीय, लोक नृत्य, ढेढ़िया, कजरी तथा हरियाणवी, असम, झारखण्ड के पारम्परिक लोक नृत्य) वादन (ढोलक, गिटार, तबला एवं सिंथेसिज़र) मेहंदी लगाओ, रंगोली बनाओ, शिल्प कला (मूँज उत्पाद, मैकरम वर्क, बेकरी, अचार-चटनी, गाय के गोबर से मूर्ति व ज्वैलरी निर्माण, अगरबत्ती तथा धूप बत्ती निर्माण, बेस्ट मैटेरियल से क्राफ्ट) आदि विधाओं/ विषयों के विशेषज्ञों द्वारा इनका प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। श्री पाण्डेय ने कहा की ऐसा पहला अवसर है जब एक साथ इतनी बिधाओं का प्रशिक्षण एक साथ, एक ही स्थान पर प्राप्त करने का अवसर सभी यमुनापार वासियों के लिये उपलब्ध है। साथ ही खुद की कला, शिल्प कला, और कौशल को निखार कर उसे एक मंच प्रदान करने का समुचित माध्यम भी । उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी कार्यशाला के संयोजक अभिषेक सिंह व यमुनापार लोक संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। इस अवसर पर यमुनापार कलाकार संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव, यमुनापार लोक संस्कृति परिषद की महामंत्री श्रीमती नीतू राय, उपाध्यक्ष श्वेता श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार सत्यार्थी तथा दिलीप चौधरी, मुकेश पाण्डेय, ऋषभ चौरसिया, देवराज सिंह, विजय कनौजिया, स्वतंत्र पाण्डेय आदि आयोजन समिति के दायित्व धारियों की उपस्थिति रही।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बांके बिहारी मंदिर के अधिग्रहण का किया विरोध, कही ये बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि धर्मनिरपेक्ष सरकार द्वारा धर्मस्थानों का अधिग्रहण अनुचित है। साथ ही वृंदावन के धर्माचार्यों से आह्वान किया कि वे किसी भी कीमत पर बांके बिहारी मन्दिर को अधिगृहीत न होने दें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को सरकार द्वारा अधिग्रहण किए जाने का कड़ा विरोध किया। वे इन दिनों काशी में प्रवास कर रहे हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वृंदावन के धर्माचार्यों से आह्वान किया कि वे किसी भी कीमत पर बांके बिहारी मन्दिर को अधिगृहीत न होने दें।स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा हमें बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि एक तरफ सनातन धर्म के धर्माचार्य पूरे देश में मुहिम चलाए हुए हैं कि सरकार ने जिन-जिन मंदिरों व धर्मस्थानों का अधिग्रहण कर लिया है उनको वापस लिया जाए और सनातन धर्म बोर्ड बनाकर धर्माचार्यों के द्वारा उसका संचालन किया जाए।वहीं इस मुहिम को सबसे अधिक आगे बढ़ाने वाले देवकीनंदन ठाकुर जी के ही वृंदावन में जो बांके बिहारी मंदिर परंपरा से सेवायतों और पुजारियों के हाथों में था उसको सरकार दिनदहाड़े ट्रस्ट बनाकर अधिगृहित कर ले रही है और कोई कुछ नहीं बोल रहा है।



## शुआट्स में कैम्पस ड्राईव में 17 छात्र-छात्रायें चयनित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी/ प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में 17 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई।निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी ने व्यावसायिक शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेस्पायर एड-टेक प्रा. लि. द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में बीएससी एग्रीकल्चर के 7, एमबीए एग्रीबिजनेस के 2, बीटेक एग्रीकल्चर के 2 तथा बीटेक डेयरी, बीबीए एग्रीबिजनेस, बीकाम,बीएससी फूड टेक, बीएससी लाईफ साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर के एक-एक बच्चों का चयन हुआ।चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी लाल ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।



## अंबेडकर पार्क में योगा मंच के निर्माण को लेकर हुआ विवाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**आजमगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आजमगढ़ जिले में अंबेडकर पार्क में योग करने के लिए मंच का निर्माण किए जाने को लेकर विवाद हो गया। बसपा के नेता व कार्यकर्ता इसे लेकर धरना प्रदर्शन करने लगे। आजमगढ़ जनपद में शासन के निर्देश पर 15 जून से 21 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसे लेकर नगर पालिका द्वारा कलेक्ट्रेट क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में योगा मंच का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी होने पर बसपा के नेता और कार्यकर्ता इसका विरोध करने लगे।



# उत्तर प्रदेश

नोएडा, वाराणसी, गोरखपुर, मैहर, चित्रकूट



## मून स्टार इंग्लिश स्कूल के आर्यवीर सिंह ने पहले प्रयास में आईआईटी जेई परीक्षा पास कर रचा इतिहास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**म्योरपुर, सोनभद्र।** म्योरपुर विकासखंड के मून स्टार इंग्लिश स्कूल का नाम एक बार फिर शैक्षणिक उपलब्धियों के शिखर पर पहुँच गया है। सी बी एस ई द्वारा संबद्ध मून स्टार इंग्लिश स्कूल म्योरपुर विद्यालय के छात्र आर्यवीर सिंह ने आईआईटी-जेई जैसी देश की प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आर्यवीर न केवल जेई में सफल रहे, बल्कि सत्र 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय टॉपर रहे हैं। यह दोहरी उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है शिक्षकों का मिला विशेष मार्गदर्शन गणित शिक्षक अभय सिंह ने बताया आर्यवीर वाकई एक अद्वितीय प्रतिभा है। हमने उसे विशेष समय देते हुए मार्गदर्शन किया। उसकी लगन और समझ ने हमेशा हमें प्रभावित किया। भविष्य के लिए अनन्त शुभकामनाएं।भौतिक विज्ञान के शिक्षक मो. नौशाद खान ने कह हमें पूरा विश्वास था कि वह पहले ही प्रयास में सफलता हासिल करेगा। उसकी मेहनत और धैर्य वाकई प्रशंसनीय हैं। उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बहुत बहुत बधाई। रसायन विज्ञान की शिक्षिका जया सिंह ने भी आर्यवीर की प्रशंसा करते हुए कहा वह हर विषय पर गहरी पकड़ रखता है। उसमें सीखने की तीव्र इच्छा है और यही उसकी सफलता की कुंजी रही। आर्यवीर की सफलता पर उन्हें बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं



विद्यालय परिवार में खुशी की लहर प्रधानाचार्या रूपा मिश्रा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, आर्यवीर की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। आर्यवीर की यह सफलता और भी विद्यार्थियों के लिए प्रेरक होगा। विद्यालय के प्रबंधक मृणाल रोशन श्रीवास्तव ने कहा मून स्टार इंग्लिश स्कूल हमेशा से ही बच्चों को तनावमुक्त और रचनात्मक शिक्षा देने पर बल देता है। हमारे शिक्षक जिस समर्पण से पढ़ाते हैं, आर्यवीर की सफलता उसी प्रयास का सजीव उदाहरण है। देश के केवल 23 सरकारी घ्छ्ळ कॉलेजों में प्रवेश मिलना आसान नहीं होता, और आर्यवीर ने यह उपलब्धि पहले ही प्रयास में प्राप्त की है - यह गर्व की बात है। परिवार और मेहनत का मिला फल अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए आर्यवीर ने कहा, इस सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी कठिन मेहनत को देता हूं। आगे भी मैं इसी समर्पण से पढ़ाई करता रहूंगा। आर्यवीर की उपलब्धि से मून स्टार इंग्लिश स्कूल में उत्सव जैसा माहौल है। छात्र, शिक्षक, और अभिभावकों में गर्व और प्रसन्नता की लहर है। यह सफलता न केवल आर्यवीर की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण भी है। सोनभद्र जैसे क्षेत्र से निकलकर घ्छ्ळ जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना, निस्संदेह क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। मून स्टार इंग्लिश स्कूल और आर्यवीर सिंह को इस अद्वितीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई।

## नाचना आता है, न आता तो कमरे में बंद कर पीटा, खाना भी न दिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर की दो नाबालिग लड़कियों को इंस्टाग्राम पर ऊंचे ख्वाब दिखाए गए। दोनों को झांसे में लेकर बिहार के पूर्णिया जिले में आर्केस्ट्रा संचालक को बेच





दिया गया। कमरे में बंधक बनाकर किशोरियों को गलत काम करने के लिए यातनाएं दी गईं।बिहार के मोतीहारी जिले की गीता (30) ने इंस्टाग्राम पर दोनों चचेरी बहनों से दोस्ती कर उन्हें बड़े-बड़े ख्वाब दिखाए थे। इसके झांसे में आकर कम पढ़ी-लिखी सब्जी की खेती करने वाली किशोरियों ने घर से बाहर कदम निकाला। दोनों किशोरियों ने बताया कि पूर्णिया जिले में जब उनकी बोली लगाकर बेचा गया तो उनकी आंखें खुल गई, लेकिन वे चीखने-चिल्लाने के सिवा कुछ और नहीं कर पाई। लिया दोनों हमेशा साथ ही रहती थीं। किशोरियों ने पुलिस को बताया कि घरवालों को बिना बताए इंस्टाग्राम चलाते थे। इधर, दो माह से हर पोस्ट पर आरोपी गीता लाइक-कमेंट करती थी, धीरे-धीरे बातें करने लगी। शुरू में उसने पढ़ाई के बारे में पूछा, तो हम लोगों ने बताया कि कक्षा नौ तक पढ़े हैं और परिवार के साथ सब्जी की खेती करते हैं। तब उसने बताया कि कक्षा आठ तक पढ़े-लिखे लोग अच्छी नौकरी कर रहे हैं। तुम लोग मेरे पास आओ तुम्हारी जिंदगी बदल जाएगी। शुरू में 15 से 16 हजार रुपये तक की नौकरी तुरंत दिला दूंगी। इसके बाद सैलरी बढ़ती जाएगी। फिर अपने पैर पर खड़े होकर परिवार की भी मदद करने लायक हो जाओगी। किशोरियां उसकी बातों में फंस गई।माइंड वॉश कर गीता पति महेश के साथ 23 मई की सुबह गोरखपुर आई। दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों किशोरियां घर से बिना बताए निकलकर रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां पहले से मौजूद गीता और महेश दोनों किशोरियों को लेकर बिहार के पूर्णिया चले गए। पहले दिन खाना खिलाकर दोनों किशोरियों को आराम कराया गया।

## भारतीय सेना को मिले 197 अग्निवीर, तस्वीरों में देखें- पासिंग आउट परेड की झलकियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** 197 अग्निवीरों के बैच ने एक साथ राष्ट्र सेवा की शपथ ली। इस दौरान प्रशिक्षुओं की प्रस्तुति ने दर्शकों को मोह लिया। अग्निवीरों की प्रस्तुति के बाद पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को 197 अग्निवीरों का पासिंग आउट परेड हुई। इस दौरान अग्निवीरों ने राष्ट्र सेवा की शपथ



ली। कार्यक्रम की शुरुआत खुखरी प्रस्तुति से हुई, इसके बाद अनुशासित मार्च पास्ट हुआ। पासिंग आउट परेड में पारंपरिक सैन्य गतिविधियां शामिल हुईं। परेड की समीक्षा ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, एसएम, कमांडेंट 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर ने की अग्निवीर बीते सात माह से केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण नवंबर 2024 में शुरू हुआ था। बुनियादी और अग्रिम युद्ध प्रशिक्षण के बाद, अग्निवीरों ने युवाओं से अनुशासित सैनिकों में परिवर्तन किया गोरखा प्रशिक्षण केंद्र युवा पुरुषों को मजबूत, मानसिक रूप से चुस्त, कठोर और युद्ध के लिए तैयार सैनिकों में बदलने और उनकी क्षमताओं के निर्माण में उत्कृष्ट है। परेड को पासिंग आउट बैच को बड़ी संख्या में माता-पिता, पूर्व सैनिकों और वाराणसी के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने देखा। प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मार्च करते हुए बहादुर पुरुषों का शानदार दृश्य, आत्मविश्वास से भरी छाती के साथ, प्रशिक्षुओं के माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू ले आया।

## जून माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह जून 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली "ग्राम चौपाल" (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 06 जून को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकास खण्ड छतोह में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड रोहनियां में एवं विकास खण्ड राही में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 13 जून को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 सेरनी में, जिला विकास अधिकारी हरचन्दपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सतांव में। 20 जून को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार खीरों एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार अमावां में। 27 जून को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 जगतपुर में, जिला विकास अधिकारी सलोन में, उपायुक्त, श्रम रोजगार शिवगढ़ में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार विकास खण्ड लालगंज के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

## साहित्यकारों के प्रस्ताव आमंत्रित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** साहित्यकार कल्याण कोष योजना के अन्तर्गत विषम आर्थिक स्थितिग्रस्त साहित्यकारों को जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) रुपये पांच लाख तक है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उन्हें अधिकतम रुपये पचास हजार तक अनावर्तक चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र एवं चिकित्सक का प्रमाण-पत्र, दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 27 जून, 2025 है। इसी प्रकार प्रकाशन अनुदान योजना इस योजना के अन्तर्गत ऐसे रचनाकारों को, जिनकी वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) रुपये पांच लाख तक है, उनकी पाण्डुलिपि के मुद्रण के लिए अनावर्तक प्रकाशन अनुदान प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित हैं। (पुस्तक अधिकतम 200 पृष्ठों की हो) पाण्डुलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। प्रस्तुत पाण्डुलिपि वापस नहीं की जाएगी। स्वीकृत पाण्डुलिपि लेखक/लेखक के उत्तराधिकारी द्वारा मुद्रित करायी जायेगी। निर्धारित तिथि तक संस्थान में मुद्रित पुस्तक की पाँच प्रतियाँ एवं मुद्रक का प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाना होगा। आवेदन के साथ तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र, तीन प्रेसों के कोटेशन, दो साहित्यकारों की संस्तुतियाँ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। शोध ग्रंथों/सम्पादित पाण्डुलिपि अनुदान हेतु स्वीकार नहीं की जायेगी। नियमानुसार अनुदान लेखक को स्वीकृत होगा। संस्थान में प्रार्थना पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 18 जुलाई, 2025 है। उक्त योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान कार्यालय से किसी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। योजनाओं का विवरण एवं प्रार्थना पत्र का प्रारूप संस्थान की वेबसाइट https://uphiåisansthan.in पर भी उपलब्ध है।

## झांकी के दर्शन कर भक्ति भाव विभोर हुए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** श्री राम जानकी मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा वृंदावन से पधारे तथा विकास आचार्य मनोहर कृष्ण महाराज के द्वारा छठवें दिन के कथा में कृष्ण गुरुकुल पढ़ने के लिए गए संदीपनी मन के आश्रम में और वहां सुदामा जी से मित्रता हुई आगे चलते हुए कंस वध का विस्तार से वर्णन किया द्वारिकापुरी का निर्माण और भगवान कृष्ण का



महारास का विस्तार से वर्णन किया गया रस का उद्देश्य दर्शन देना एवं उनके साथ लीला करना ब्रज गोपिया सोचती हैं क्या भगवान कृष्ण मैया यशोदा के उंगली पड़कर के ही नृत्य करेंगे भगवान अपने भक्तों के इच्छा को पूर्ण करने के लिए आश्विन पूर्णिमा की रात्रि में भगवान ने महाराज का दर्शन दिया आगे चलते हुए अक्रूर जी के द्वारा भगवान कृष्ण को मथुरा ले जाना राक्षसों का उद्धार कंस वध भगवान माता रुक्मणी के साथ प्रथम विवाह बड़े धूमधाम से मनाया गया झांकी के दर्शन कर भक्ति भाव विभोर हुए ओम प्रकाश पाठक महेंद्र प्रसाद शुक्ला आशुतोष पाठक कामता प्रसाद द्विवेदी, मारकंडे राम पाठक,अजीत शुक्ला मुरलीधर शुक्ला नितेश सिंह प्रदीप चौरसिया नरेंद्र कुमार पाठक,लक्ष्मीनारायण चौरसिया सत्यनारायण चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## संशिक्षा शिक्षा के गुरुजनों ने जिले के टॉपर छात्र को मिठाई व पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** हर्षवर्धन यादव ने जेई ऐडवांस 2025 भारतीय रैंक 784



तथा ध्ँण् रैंक 120 स्थान आने पर जिले का नाम रोशन किया संशिक्षा एकेडमी को यह घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि हमारे प्रतिभाशाली छात्र ङहर्षवर्धन यादव जेई ऐडवांस 2025 की कठिन परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 784 तथा ओबीसी रैंक 120 प्राप्त कर रायबरेली सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, और प्रतिबद्धता का प्रतिफल है, साथ ही यह संस्था द्वारा दी गई उचित दिशा और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है हर्षवर्धन की इस उपलब्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण रहे हैं, जिन्हें हर छात्र और अभिभावक को समझना चाहिए। उन्होंने कक्षा में लगभग पूरी उपस्थिति बनाए रखी और पढ़ाई के समय एकाग्रता को प्राथमिकता दी। वे अनावश्यक बातचीत से पूरी तरह दूर रहते थे और हर दिन का होमवर्क समय पर व नियमित रूप से पूरा करते थे। उन्होंने हमेशा अपने शिक्षकों से जुड़ाव बनाए रखा, किसी भी शंका को तुरंत स्पष्ट किया और मार्गदर्शन को गंभीरता से लिया। उनकी तैयारी में टेस्टों की निरंतरता भी महत्वपूर्ण रही - उन्होंने प्रत्येक टेस्ट को आत्ममूल्यांकन का अवसर माना और अपनी गलतियों से सुधार करते गए। इसके अलावा, उन्होंने फॉर्मूलों और महत्वपूर्ण बिंदुओं की दैनिक पुनरावृत्ति की और एनसीईआरटी की पुस्तकों का गहराई से अध्ययन किया, जिससे उनकी अवधारणाएं और आधार मजबूत होते गए केवल हर्षवर्धन ही नहीं, बल्कि संशिक्षा एकेडमी के कई अन्य छात्रों ने भी जेई ऐडवांस 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अनेक छात्रों ने ऐसे अंक प्राप्त किए हैं जिनसे उन्हें आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित हो सकेगा। यह एकेडमी की मजबूत शैक्षणिक संरचना, व्यक्तिगत मार्गदर्शन की नीति और छात्रों के साथ निरंतर संवाद का परिणाम है। संशिक्षा एकेडमी रायबरेली में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों की तैयारी के लिए एक विश्वसनीय और परिणामोन्मुख संस्थान के रूप में जाना जाता है। संस्था के निदेशक श्री नीर्राज सोनी, जो स्वयं घ्छ्ळ कानपुर के पूर्व छात्र हैं, का मानना है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासित दिनचर्या और सही मार्गदर्शन से कोई भी छात्र उच्चतम शिखर तक पहुंच सकता है अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से प्राप्त यह सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। संशिक्षा एकेडमी आने वाले समय में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर करती रहेगी।

## महापुरुषों का अपमान करने वाले राष्ट्रद्रोहीः राकेश रघुवंशी

### श्री राजपूत करणी सेना ने सोनांचल में भरी हुंकार, कहा- क्षत्रियों के लिए मातृभूमि सर्वोपरि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** श्री राजपूत करणी सेना ने मंगलवार को यहां महापुरुषों के अपमान के विरुद्ध पुरजोर हुंकार भरी। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि महापुरुषों का अपमान करने वाले विभूतियों पर समूचा देश गर्व और गौरव की अनुभूति करता है। यदि क्षत्रिय समाज का इतिहास मिटा दिया जाए तो भारत समेत आधी पृथ्वी इतिहास शून्य हो जाएगी। उन्होंने क्षत्रिय समाज से कहा कि नई पीढ़ी के लिए दो सबसे अपने इतिहास और अपने महापुरुषों पर गर्व नहीं, उन्हें भारतवासी कहलाने का कोई हक नहीं है। इससे पहले जशपुर के महाराज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार विक्रमादित्य सिंह जूदेव और





राष्ट्रद्रोही हैं। यह कृत्य देश की एकता और उसकी ताकत को कमजोर करने का प्रयास है। इसे क्षत्रिय समाज कतई बरदाश्त नहीं करेगा। जो अपने महापुरुषों का अपमान करे, राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करने का प्रयास करे, ऐसे राष्ट्रद्रोहियों के लिए देश और समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। राबर्ट्सगंज स्थित रामलीला मैदान में करणी सेना के तत्वावधान में हुए क्षत्रिय महासम्मेलन को संबोधित करते हुए राकेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि राजपूतों के शौर्य और साहस का गौरवशाली इतिहास न सिर्फ क्षत्रिय समाज बल्कि हर देशवासी के लिए अमूल्य धरोहर है। क्षत्रपति वीर शिवाजी और महाराणा प्रताप जैसी महान बड़े हथियार हैं। पहला शिक्षा और दूसरा संयम। शिक्षा और संयम को अपनाकर अपने देश और समाज के गौरव की रक्षा के लिए समर्पित रहिए। विशिष्ट अतिथि एमएलसी विनीत सिंह ने कहा कि महापुरुषों के अपमान पर राष्ट्रद्रोह के तहत कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि इस दिशा में अतिशीघ्र ठोस पहल सुनिश्चित की जाए ताकि राष्ट्र की एकता को कमजोर करने वाली ताकतों को समाप्त किया जा सके। एमएलसी ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लिए मातृभूमि सर्वोपरि है और इसकी रक्षा के लिए अनगिनत बलिदानों का उसका इतिहास पूरी दुनिया में अनूठा और अद्वितीय है। जिन्हें अपनी मातृभूमि, अपनी परंपरा, कुंवरनी जया सिंह जी जूदेव ने बतौर मुख्यअतिथि मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, महाराणा प्रताप एवं करणी सेना के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामणि के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में केवटा राजपुर के हिमांशु सिंह, इंद्रसेन सिंह, प्रवीण सिंह, मधुसूदन सिंह, सत्य प्रताप सिंह, सोनेन्द्र सिंह रघुवंशी, रामनारायण सिंह चन्देल, प्राचार्य अंजली विक्रम सिंह, रंजना सिंह, पुष्पा सिंह, डॉ गौरव सिंह, करणी सेना के मंडल अध्यक्ष मुन्ना सिंह, अभिषेक सिंह. मनीष सिंह, अंकुर कश्यप, रमेश सिंह, गजेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे। अध्यक्षता संतोष सिंह चंदेल ने की। संचालन आनंद सिंह ने किया।

## जिला स्वच्छता समिति संग जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यो की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सख्त निर्देश दिए कि रेट्रो फिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीपीआरओ सौम्य शील सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिससे पूरे प्रदेश में जनपद की रैंकिंग रिट्रोफिटिंग में दूसरी हो गई है। बैठक का मुख्य एजेंडा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित मॉडल ग्रामों की प्रगति, व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 के रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन की स्थिति, सीएससी संचालन की समीक्षा, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा आदि रहा। ठोस एवं तरंग प्रबंधन किये जा रहे कार्यो की प्रगति जानते हुए प्रबंधन में नवाचार को अपनाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्राप्त धन राशि के सापेक्ष कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश सभी एडीओ पंचायतो को दिया। उन्होंने ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदन में हुई कार्यवाही समय से पूरी कराई जाए। उन्होंने ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी एडीओ पंचायत के कार्यों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जाए। इनकी मोनिटरिंग भी की जाए। सीएचसी संचालन में ध्यान दिया जाए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति जानते हुए रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि ई-ग्राम स्वराज प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय,एसीएमओ डॉ अशोक, पीडी सतीश प्रताप मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य राघवेंद्र सिंह सहित सभी एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।



## जेईई एडवांस में रैंक-7928 ला कर जिले के सिद्धार्थ ने नाम किया रोशन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सिविल लाइंस रोड रॉबर्ट्सगंज निवासी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पुत्र - सिद्धार्थ तिवारी जो पूर्व के दिनों निकले रिजल्ट में जेईई मेन- 99.53ज्ञ् अंक प्राप्त किया वहीं आज जेईई एडवांस रैंक-7928 पा कर जिले का नाम किया रोशन वही जेआरएस ट्यूटोरियल के शानदार-35 बैच का छात्र हैं वहीं बेटे ने एमवीएम पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल और सनबीम स्कूल लहरतारा से 12वीं की पढ़ाई की है वहीं इसके बाद जेआरएस ट्यूटोरियल कोचिंग- करते हुए जिले व नगर का नाम किया रोशन जिस पर नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों रिश्तेदारों द्वारा बधाई संदेश दिए जा रहे हैं।



# मिर्जापुर, सोनभद्र, रायबरेली



## भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में किया मजबूत:अरुण सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** 11 वर्षों से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री लगातार कार्य कर रहे हैं मंगलवार को नेता के रूप में भारत के यशस्वी लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी को जाना जाता है जो की अपने दृढ़ संकल्प भारत को विश्व में चौथी अर्थव्यवस्था में ला दिए हैं और जो भी भारत के तरफ गलत निगाह से देखा है या फिर कोई आतंकवादी



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राज सभा सांसद अरुण सिंह का जनपद सोनभद्र के सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी , पूर्व जिलाध्यक्ष चौबे व नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के नेतृत्व में स्वागत किया गया ।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि 11 वर्षों का स्वर्णिम कार्यकाल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है भारत वासियों का असीम प्यार प्रधानमंत्री को मिल रहा है कार्यकर्ताओं में उत्साह है कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाएं को जन जन तक पहुंचाएं एवं उन योजनाओं का उन्हें लाभ दिलाए । प्रधानमंत्री ने अपने 11 वर्षों की स्वर्णिम कार्यकाल में भारत का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है आज पूरे विश्व में लोकप्रिय हमला करता है तो अपने कड़े फैसले से जवाब देने के लिए पूरे विश्व में विख्यात है बहुत ही जल्द भारत विश्व के तीसरी अर्थव्यवस्था पर लाने पर जोर- शोर से कार्य कर रहे हैं ! स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, जिला महामंत्री रुबी गुप्ता, युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र पांडे , भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला संयोजक मनीष अग्रहरी, चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष संजय जयसवाल, बलराम सोनी, सभासद विनोद सोनी, अनवर अली, प्रकाश श्रीवास्तव, संजीव कुमार श्रीवास्तव , प्रशांत चौबे, सुनील सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, योगेश सिंह, अभिषेक सिंह गोलू, नीरज चौबे, सत्यम सोनी, अनुराग श्रीवास्तव, आशीष केसरी, तन्मय त्रिपाठी, अमन वर्मा, अनूप पांडे समेत कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया ।

## आउटलेट सोन प्रेरणा बाजार,डीएम एसपी सीडीओ ने किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** स्थान कलेक्ट्रेट मोड लोढी, रॉबर्ट्सगंज पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए सोन प्रेरणा बाजार का मंगलवार को



शुभारंभ जिलाधिकारी बद्रीनाथ के द्वारा फीता काट करके किया गया, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एवं मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी , उपायुक्त श्रम रोजगार, उपायुक्त स्वत रोजगार एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने बताया कि सोन प्रेरणा बाजार के खुल जाने से न केवल समूह की महिलाओं को रोजगार सृजन की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त होगा बल्कि इनके द्वारा बनाए जा रहे हैं उत्पादों के बिक्री के लिए एक निश्चित स्थान भी निहित हो पाया है । इस दुकान के खुल जाने से समूह द्वारा बनाए गए सभी तरह के उत्पाद आपको एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे। जनपद में वर्तमान समय में डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ी हुई है जिसमें से ज्यादातर महिलाएं कोई ना कोई उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजार में बेचती हैं जिसका उचित मूल्य उन्हें नहीं मिल पाता इस दुकान से उनके उत्पादों का उन्हें उचित मूल्य मिल पाएगा और महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी जी के द्वारा बताया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे सभी तरह के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो ध्ड्डण् पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के द्वारा व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए कहा गया कि महिलाओं के द्वारा जो भी उत्पाद बनाए जा रहे हैं यह पूरी तरीके से शुद्ध है इन उत्पादों की आपूर्ति जल्द ही पुलिस विभाग के द्वारा आयोजित किए जाने वाले बड़े कार्यक्रमों में कराया जाएगा जिससे कि इन महिलाओं को विभागीय सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त स्वतः रोजगार महोदया ने बताया कि जनपद में समूह के द्वारा 100 से ज्यादा तरह के उत्पाद बनाए जा रहे हैं, हमारा यह प्रयास होगा कि हम समूहों से उच्च क्वालिटी का गुणवत्तापूर्ण बनाए गए उत्पादों को सोन प्रेरणा बाजार पर उपलब्ध करा सके जिससे की न केवल महिलाओं की आमदनी बढ़े बल्कि आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से भी सहायक सिद्ध हो सकेगा। जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार एवं अन्य अधिकारीगणों के द्वारा लगभग ?10000 की खरीदारी भी सोन प्रेरणा बाजार से की गई। सभी लोगों से अनुरोध भी किया गया कि आप लोगों को यदि शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं अन्य उत्पाद चाहिए तो आप लोग सोन प्रेरणा बाजार पर आकर के सामग्री का क्रय कर सकते हैं इससे समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ेगा और रोजगार का नया माध्यम भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम मे उपायुक्त स्वतः रोजगार सरिता सिंह, उपायुक्त श्रम रोजगार रवीन्द्र वीर, जिला विकास अधिकारी हेमंत सिंह, जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह, जिला मिशन प्रबंधक एम जी रवि तथा अन्य अधिकारी तथा करमचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रेलवे विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** किसान व आम जनता, ग्राम पंचायत मारकुण्डी व राजस्व ग्राम अवई, विकास खण्ड व तहसील - राबट्र्सगंज, तेरा वीडियो ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में



रेलवे विभाग के मनमानी तरीके से कब्जा किए जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते हुए जताया आक्रोश सौंपा पत्र लगाई न्याय की गुहार।नेतृत्व कर रहे ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव ने बताया कि प्रार्थीगण ग्राम पंचायत मारकुण्डी व इसके अन्तर्गत राजस्व ग्राम- अवई, के कृषकगण हैं। वर्तमान समय में हम प्रार्थीगण के ग्राम पंचायत मारकुण्डी में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत सर्वे व तरमीम का कार्य किया जा रहा है। दौरान चकबन्दी सर्वे रेल विभाग के अधिकारियों द्वारा आजादी के महज सात साल बाद वर्ष 1954 का हस्तलेखीय नक्शा लेकर चकबन्दी प्राधिकारियों के साथ रेलवे की जमीनों की शिनाख्त करायी जा रही है, जो राजस्व विभाग के वर्तमान अभिलेखों के बिल्कुल भिन्न है। स्थिति यह है कि हम ग्रामीणों के पुश्तैनी जमीनों, जिसमें प्रार्थीगण की कई पीढ़ियों से खेती-बारी होती चली आ रही हैं, उन्हें भी रेलवे विभाग द्वारा अपनी जमीन के रूप में शिनाख्त किया जा रहा है। इसका विरोध करने पर रेलवे विभाग के अधिकारी मय फोर्स द्वारा हम किसानों को धमकी आदि दी जा रही है और जबरिया हम किसानों की जमीन को बलपूर्वक अपना बताते हुए घेरा जा रहा है। इतना ही नहीं रेलवे विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण जल्दबाजी में सम्बन्धित जमीन में पक्का निर्माण करने हेतु दिन-रात जे0सी0बी0 से कहीं गड्?ढा खोदा जा रहा है, तो कहीं पक्की बाउण्ड्रीवाल बनाने के लिए निर्माण सामग्री गिरायी जा रही है। इसके अलावा ग्राम पंचायत के विभिन्न पुश्तैनी रास्ते को भी घेरकर बन्द किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि दौरान चकबन्दी बिना बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी की अनुमति से कोई पक्का/स्थाई निर्माण नहीं कराया जा सकता है। इसके विपरीत रेलवे विभाग के सम्बन्धित अधिकारीगण मनमानेपूर्ण तरीके से नियमों व कानूनों को ताक पर रखकर पक्का निर्माण कराने हेतु गड्?ढा आदि खोदा जा रहा है, जिससे कालान्तर में हम किसानों को वाद बाहुलता का सामना पड़ सकता है और हम किसानों की क्षति सम्भावित है। इसके अलावा मौजा मारकुण्डी व अवई में ऐसे तमाम नम्बरान हैं, जो मिनजुमला है, ऐसे नम्बरों में किसानों व रेलवे की संयुक्त रूप से भूमि है, ऐसी जमीनों को भी रेलवे विभाग कब्जा कर घेरने की फिराक में पड़ा है. जबकि नियमानुसार जब तक चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती है और मिनजुमला गाटों का विधिक विभाजन नहीं हो जाता, रेलवे विभाग को किसी भी भूखण्ड को घेरा जाना कतई न्यायोचित नहीं है। रेलवे विभाग की इन कारस्तानियों में चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है और रेलवे द्वारा किये जा रहे निर्माण पर भी कोई आपत्ति नहीं की जा रही है, जिससे हम किसानों की घोर क्षति सम्भावित है। हम किसानों द्वारा प्रकरण की सूचना रेलवे विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों को पूर्व में दी गयी, परन्तु प्रार्थीगण द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके विपरीत रेलवे विभाग अपने नाजायज मंसूबों को पूर्ण करने का प्रयास तेज कर दिया है और दिन-रात जे0सी0बी0 का प्रयोग कर निर्माण कार्य करने की फिराक में पड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में दौरान चकबन्दी रेलवे विभाग को बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से तत्काल रोका जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है।वहीं ग्रामीण व किसानों ने बताया कि दौरान चकबन्दी रेलवे विभाग को बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से तत्काल रोकने का आदेश देने की कृपा की जाय, ताकि न्याय हो। इस मौके पर हरगोविंद संजय महेंद्र बृजेश सुखराज दीपक हेमनाथ सहित आदि लोग मौजूद रहे ।

## अश्रुपुरित आंखों से हुई विदाई समारोह सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** विन्ध्य कन्या पी0जी0 कालेज राबर्ट्सगंज में बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं का विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजली विक्रम सिंह व मुख्य चीफ ट्रस्टी तथा अनुभवो को कभी न भुलने वाला बताया। प्राचार्या डॉ अंजली विक्रम सिंह ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी तथा छात्राओं को सफलता के मंत्र भी दिये। उन्होने कहा कि खुश रहने, दूसरो की तारीफ करने और अहंकार मुक्त रहने वाला व्यक्ति




डॉ0 अजय सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात् छात्राओं द्वारा नृत्य, गीत, भजन, खेल आदि की शानदार प्रस्तुति कर छात्राओं को तालियां बजाने को विवश कर दिया। छात्राओं में मुख्य रूप से स्नेहा, रेशमा, ज्योति मौर्या, आकांक्षा, खुशबू, शिखा, शीतल आदि ने प्रतिभाग किया। सिनियर छात्राओं ने अपने यादगार लम्हों को जूनियर छात्राओं से साझा किया जीवन में कभी भी असफल नही हो सकता। छात्राओं को विदाई देते समय उनकी भी आँखे नम हो गयी। कार्यक्रम के अन्त में चीफ ट्रस्टी डॉ0 अजय सिंह ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासित रह कर हर सफलता अर्जित की जा सकती है। इस अवसर पर डॉ0 कैलश नाथ, मनीष, विनीता केशरी, पंकज सिंह, अनीष, रजनीकान्त, डॉ0 गीता सरस्वती व सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बाढ़ से जूझने वाली 404 पंचायतों के लिए 15 जून से सक्रिय हो जाएंगी 37 चौकियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिला प्रशासन ने बाढ़ से राहत के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हर साल बाढ़ से जूझने वाली 404 ग्राम पंचायतों के लिए 37 बाढ़ चौकियां 15 दिन से सक्रिय हो जाएंगी। जिला प्रशासन ने बाढ़ से पहले और बाद पैदा होने वाली समस्याओं को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी है।हालांकि वर्ष 2023 में जिले में बाढ़ का प्रभाव नहीं था। गंगा का अधिकतम जलस्तर 73.660 मीटर तक पहुंचा था, जबकि जिले में गंगा के खतरे का निशान 77.724 मीटर और चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर है। इसी प्रकार वर्ष 2024 में गंगा का जलस्तर 75.000 मीटर तक पहुंचा था। बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए जिला स्तर पर फ्लड स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया जा चुका है। कमेटी के निर्णय के अनुसार जिले में 37 बाढ़ चौकियां खोली गई हैं। जिले की दो तहसीलों, सदर और चुनार के तहत आने वाली 404 ग्राम पंचायतें बाढ़ से प्रभावित होती हैं। इनमें सदर तहसील की 220 और चुनार की 184 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन की तरफ से सदर में 14 और चुनार में 23 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इन बाढ़ चौकियों पर राहत संबंधी सभी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं।जिले में हैं कुल 10 नदियांः अपर जिलाधिकारी एके सिंह ने बताया कि जिले में 10 नदियां हैं। इनमें मुख्य नदी गंगा है।

## औद्योगिक भूमि को लीज से फ्री होल्ड में किए बिना विकास असंभव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** औद्योगिक भूमि को लीज होल्ड से फ्री होल्ड में बदलने की मांग को लेकर इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को पत्रक सौंपा।खंडेलवाल ने कहा औद्योगिक भूमि को लीज होल्ड से फ्री होल्ड में परिवर्तित किए बिना उद्यमियों का विकास असंभव है। कहा इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) 1985 से कार्यरत प्रमुख औद्योगिक आईआईए मंडलीय सचिव मोहनदास अग्रवाल ने कहा उत्तर प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों को आवंटित की गई लीज होल्ड भूमि को लेकर उद्यमियों को लंबे समय से गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आईआईए सदस्य कल्याण अग्रहरि ने कहा औद्योगिक प्रयोजन के लिए लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में परिवर्तित किया जाए। इससे न केवल उद्योगों को स्थायित्व मिलेगा, बल्कि राज्य सरकार को भी राजस्व में वृद्धि, निवेश में वृद्धि तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। पत्रक देने वालों में आशीष बुधिया, कल्याण अग्रहरि, संजय रैदानी, नरोत्तमदास खट्टर, संतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## महापुरुषों का अपमान नहीं सहेगा क्षत्रिय समाजः विक्रमादित्य सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मानव जाति के पुनः प्रादुर्भाव से ही जन कल्याण हेतु बनाई गई मनु स्मृति के काल खण्ड से क्षत्रिय सम्पूर्ण धरती पर जीवों की रक्षा हेतु कृत संकल्पित रहे और आज आधुनिक युग मे भी जैसे अनगिनत महापुरुषों की गौरव गाथा हमारे समाज समेत सम्पूर्ण मानव जाति के लिये सम्मान का विषय है। यदि हम अपने आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत सौपना चाहते हैं तो उन्हें शिक्षा और संयम का पाठ पढ़ाना पड़ेगा। यदि आज



कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। इतिहास साक्षी है जब कभी अखण्ड भारतभूमि पर संकट आया तब क्षत्रिय समाज ने अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि की रक्षा की है। सतयुग में ईक्ष्वांक्षु कुल में जन्मे मर्यादा पुरुषोत्तम राजा रामचंद्र से प्रारंभ होकर त्रेता युग मे श्रीकृष्ण,राजा भरत,भगवान बुद्ध,ललितादित्य नागवंशी ,बप्पा रावल, मिहिरभोज,चंद्रगुप्त सामुद्रगुप्त,पृथ्वीराज चौहान,महाराणा प्रताप, दुर्गादास राठौड़, बन्दा बहादुर, क्षत्रपति शिवाजी महाराज,महाराज सुहेलदेव क्षत्रियो का इतिहास हटा दिया जाय तो भारत समेत आधी पृथ्वी का इतिहास शून्य हो जायेगा। उक्त विचार राजपूत करणी सेना के तत्वाधान में आयोजित क्षत्रिय महासम्मेलन में आये वक्ताओं ने व्यक्त किया। सम्मेलन में मुख्य अथिति जशपुर के महाराज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह जूदेव, कुँवरनी जया सिंह जूदेव, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी, विशिष्ट अथिति एमएलसी विनीत सिंह रहे। सम्मेलन से पूर्व करणी सेना के सैंकड़ों सैनिकों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत करते हुए काफिला नगर भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान स्थित सम्मेलन स्थल पर पहुंचा। सम्मेलन का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, महाराणा प्रताप व करणी सेना के पूर्व अध्यक्ष स्व.सुखदेव सिंह गोगामणि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। इसके पश्चात करणी सेना की जिला इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष का संयुक्त रूप से माल्यापर्ण करके स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति राकेश सिंह रघुवंशी ने क्षत्रियों के इतिहास की याद दिलाते हुए कहा अब क्षत्रिय समाज राष्ट्र महापुरुषों का अपमान कदापि बर्दाश्त नही करेगा और ऐसा करने वालो को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा और कानूनी कार्यवाही भी कराने का कार्य करेगी। विशिष्ट अथिति एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरकार से किसी भी समाज के महापुरुष के अपमान पर राष्ट्रद्रोह का कानून बनाने की पुरजोर मांग की।सम्मेलन में केवटा राजपुर के हिमांशु सिंह, इन्द्रसेन सिंह,प्रवीण सिंह,मधुसूदन सिंह,सत्य प्रताप सिंह,सोनेन्द्र सिंह रघुवंशी, रामनारायण सिंह चन्देल,प्राचार्य अंजली विक्रम सिंह,रंजना सिंह,पुष्पा सिंह, डॉ गौरव सिंह मुन्ना, करणी सेना के मंडल अध्यक्ष मुन्ना सिंह,अभिषेक सिंह ठपिंकूठ,मनीष सिंह अंकुर सिंह कश्यप,रमेश सिंह समेत जिले के कोने कोने से क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता संतोष सिंह चन्देल व संचालन आनंद सिंह किया।

## वंदेमातरम् गीत सुहावन पावन हिंदुस्तान बा प्रदुम्न त्रिपाठी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शहीद स्मारक करारी स्थापना वर्ष गांठ के अवसर पर सोमवार दो जून को सुबह झंडा रोहण माल्यार्पण कवि गोष्ठी का आयोजन शहीद स्थल पर किया गया जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस




अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद शहीद भगत सिंह की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण दीपदान संरक्षक रामयश त्रिपाठी ने किया और तिरंगा झंडा फहराया तदुपरांत वंदेमातरम काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जहाँ संस्था प्रमुख प्रदुम्न त्रिपाठी ने, लहरत रहै तिरंगा नभ में सबकर ई अरमान बा, वंदेमातरम गीत सुहावन पावन हिंदुस्तान बा सुनाकर वातावरण राष्ट्र भक्ति का सृजित किया। चंदौली से आये कवि शिवदास ने, वंदेमातरम वंदेमातरम वंदेमातरम गावै सेन्हुर , इहां सोहागिनि लुटावै सेन्हुर सुनाकर गतिज उर्जा दिये। वाराणसी से पधारे कवि रामनरेश पाल ने, खेत किसान सिवान हौ माटी, वीरन के खलिहान हौ माटी सुनाकर वाहवाही लूटी। कवि दिवाकर दिवेदी मेघ ने, दे कुरबानी मिलल अजादी परिपाटी बलिदान के, पहिनि केसरिया लाल निछावर भैलन हिंदुस्तान के सुनाकर महफ़िल लूट लिया। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने,, बाल पाल और लाल के धरती बोस भगत के पानी हौ,, वंदेमातरम घर घर गूंजे ई जगती बलिदानी हौ सुनाकर देर तक तालियां बजवाते रहे। दयानंद दयालू ने अपनी रचना,वं वंदेमातरम के नारा हम सौ सौ बार लगाइब धरती मैया के गोंदी में बैठि के गीतिआ गाइब सुनकर श्रोता भावबिह्वल हो गये। संचालन शायर अशोक तिवारी ने किया उनकी रचना, तिरंगा हिंद की पहचान है, शेखर शिवा बिस्मिल का गान है काफी सराही गयी। प्रभात सिंह चंदेल ने,,, दे कुरबानी राखब पानी ई बीरन के थाती, देखा बुझै न भैया बाती सुनाकर देश भक्ति का संचार किये। दिलीप सिंह दीपक ने, वंदेमातरम जैहिंद के धुन घर घर रोज गवाला,हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई सब एह पर मिटि जाला, सुनाकर वतनपरस्ती का संदेश दिया। अध्यक्षता कर रहे रामयश त्रिपाठी ने विशद वक्तव्य राष्ट्रीय चिंतन देकर तथा डाला गोली कांड दो जून को शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम स्थगित किया। इस अवसर पर रिषभ मृत्युंजय शिखा ठाकुर गनेश बलिराम आद्या अंशिका हर्ष चौहान पुरुषोत्तम कुशवाहा शिवमोचन अनीशा चौहान फारुक अली हाश्मी प्रधान संगीता तिवारीआदि रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने किया पांच हजार लीटर पानी टंकी का उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने ग्राम पंचायत मारकुंडी के अवई बस्ती में मंगलवार को पांच हजार लीटर पानी टंकी का उद्घाटन किया। इससे अब यहां के लोगों को शुद्ध पानी मिल सकेगा। इसको लेकर ग्रामीणों के चेहरे खिल गए। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध हैं। गांवों में पानी, नाली, सीसी रोड समेत अन्य तरह के कार्य कराए जा रहे हैं ताकि जनता को सरकार की योजनाओं का आसानी से लाभ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि हर गांव में लोगों को शुद्ध पानी मिले। गांवों की विकास संबंधी अन्य समस्याओं का निस्तारण हो। यहां क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम कार्तिक पाण्डेय ने बताया कि इस बस्ती में स्वच्छ जल योजना के तहत क्षेत्र पंचायत की तरफ से पंचम राज्य वित्त, 15 वां वित्त आयोग से पांच हजार लीटर पानी टंकी बनाकर ग्रामीणों को सौंप दिया गया है। इस दौरान सुभाष चंद्र, प्रदीप कुमार, महेंद्र कुमार, शंकर प्रसाद, विरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



## नाले के निर्माण में मानक के अनुरुप सामग्री का उपयोग नहीं :राजेश गुप्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर में हो रहे नाले के निर्माण के संबन्ध में उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने नगर पालिका परिषद की माननीय अध्यक्ष रुबी प्रसाद व अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव को संयुक्त रुप से ज्ञापन सौपा और माग करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता नेकहा कि नगर के में चण्डी तिराहा से बढौली चौक तक पश्चिम पटरी पर नाला निर्माण बिना पानी निकास की समुचित व्यवस्था के बिना ही बनाया जा रहा है एव निर्माण में मानक के अनुरुप सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा है ऐसे मे जब मानसून निकट है बिना निकास के नाले के निर्माण से व्यापक जलभराव हो जाएगा नागरिको व्यापारियों को



अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ेगा नगर में कई जगहो पर नालो को आपस में नहीं जोड़ा गया जिससे पूरे नगर में बड़े पैमाने पर पानी भर जायेगा लोगो का जीना दूभर हो जाएगा पहले पूरे नगर में नालो को जोड़ा जाय निर्माण कार्य बन्द हो मानसून के बाद स्थलीय निरिक्षण के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाय ज्ञापन देने में बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल जिला महामंत्री राजेश बसल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल युवा व्यापार जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल नगर अध्यक्ष आन्नद जायसवाल पर सब्जी मण्डी अध्यक्ष श्याम बाबू इलेक्ट्रॉनिक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता नगर महामंत्री राजेश जायसवाल बलराम सोनी जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी आदि व्यापारी गण उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स







## हेनरिक क्लासेन ने किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान, सोशल मीडिया पर बताई वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने निर्णय की घोषणा की।दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने निर्णय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार पर ध्यान देना चाहते हैं।दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा- 'यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। मुझे यह तय करने में बहुत समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा है। यह वाकई बहुत कठिन फैसला था लेकिन मैं इस फैसले से पूरी तरह से संतुष्ट हूं।



## तैराकी का अनुराग पांच स्पर्धाओं में खेलकर बनाए चार रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वाराणसी में ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें जीते खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। वहीं, अन्य स्थानों पर हो रहे खेलों में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया।ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बरेका निवासी अनुराग आर सिंह ने अपना दम दिखाया। फ्री स्टाइल की 200 और 800 मीटर तैराकी में अपने पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर नया रिकॉर्ड बनाया जबकि 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में रिकॉर्ड से चूक गए। अनुराग ने दो दिन में पांच स्पर्धाओं में खेलकर चार रिकॉर्ड बनाए हैं। साथ ही पांच स्वर्ण पदक भी जीते हैं।अनुराग ने 200 मीटर तैराकी 2 मिनट 01 सेकंड में वहीं 800 मीटर तैराकी 8 मिनट 51 सेकंड में पूरी की। 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 5 मिनट में पूरा कर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले प्रतियोगिता के पहले दिन 1500 मीटर और 400 मीटर स्पर्धा में नया रिकॉर्ड बनाया था। तैराकी कोच कनाई चंद तालापात्रा ने बताया कि अनुराग के पिता भी तैराकी के कोच हैं। वे भारतीय खेल प्राधिकरण में तैराकी के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। परंपरागत रूप से तैराकी पृष्ठभूमि वाले अनुराग प्रत्येक दिन छह घंटे अभ्यास करते हैं। ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में काशी के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके पुरुष वर्ग में 11 जबकि महिला वर्ग में 5 खिलाड़ियों ने तैराकी की अलग-अलग स्पर्धा में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता लखनऊ में 31 मई से 1 जून तक खेली गई। इसमें वाराणसी के दो खिलाड़ियों ने छह पदक जीते।



## गुकेश से हार के बाद दिग्गज कार्लसन ने आपा खोया, मेज पर हाथ पटका, फिर माफी मांगी और चलते बने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कार्लसन तेजी से चलते हुए हॉल से निकल गए। उन्होंने गुकेश की पीठ भी थपथपाई। इसका वीडियो भी सामने आया है नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की है। गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेल खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया। जैसे जैसे कार्लसन पर समय से चाल चलने का दबाव बढ़ता गया, कार्लसन ने गलतियां कीं और इसने गुकेश को वापसी का मौका दिया। गुकेश ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने सारी स्किल



इस जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन आपा खो बैठे। अपने देश में गुकेश से हार को वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया।दियागुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में कार्लसन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन को मैच में झोंक दिया और जीत दर्ज की। मैच के बाद गुकेश ने कहा- मैं बहुत कुछ नहीं कर सकता था। मुझे बस इसका अधिकतम लाभ उठाना था। मैं ऐसे कदम उठा रहा था जो कार्लसन के लिए मुश्किल थे और सौभाग्य से चालें सही साबित हुईं। इस टूर्नामेंट से मैंने एक बात सीखी है कि समय से चाल चलने का दबाव आपको गलती करने पर मजबूर कर सकता है।दोनों के बीच टूर्नामेंट के पहले दौर में भिड़ंत हुई थी, जहां कार्लसन ने अपने ट्रेडमार्क चालों से जीत हासिल की थी।

## इंग्लैंड लायंस की पहली पारी जल्द समेटने उतरेगा भारत ए, बढ़त हासिल करने के करीब मेजबान टीम



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड लायंस ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में सात विकेट पर 527 रन बनाए थे। मैच का आज आखिरी दिन है और इस बात की संभावना अधिक है कि मुकाबला ड्रॉ रहेगा।दिन मैच का आज आखिरी दिन है और इस बात की संभावना अधिक है कि मुकाबला ड्रॉ रहेगा। हालांकि, भारतीय बल्लेबाजों के पास इंग्लिश परिस्थितियों में ढलने का अच्छा मौका रहेगा।

## ओलंपिक पदक विजेता लवलीना शुरू करेंगी अपनी मुक्केबाजी अकादमा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व



स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खेल से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में एक ऐतिहासिक कदम भी है।टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा, यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खेल से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में एक ऐतिहासिक कदम भी है। उन्होंने आगे कहा, लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं ।

## क्वालिफायर-2 मैच में बारिश का साया, रद्द हुआ मुकाबला तो ये टीम फाइनल के लिए करेगी क्वालिफाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई और पंजाब किंग्स के बीच क्वालिफायर-2 मुकाबले से ठीक पहले अहमदाबाद में बारिश शुरू हो गई है। मैदान को कवर्स से ढका गया है। शुरुआत में बारिश हल्की थी और रुक भी गई थी। लेकिन जैसे ही दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर उतरे तेज बारिश आ गई और पूरे मैदान को कवर्स से ढकना पड़ा। अहमदाबाद में अभी भी बारिश हो रही है।पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया गया है। शुरुआत में बारिश हल्की थी और रुक भी गई थी। लेकिन जैसे ही दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर उतरे तेज बारिश आ गई और पूरे मैदान को कवर्स




से ढकना पड़ा।पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो रहे मुकाबले पर बारिश का साया छा गया है। अहमदाबाद में बारिश के कारण मैच समय पर शुरू नहीं हो सका है। मैच में हालांकि, टॉस हो गया है और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। पंजाब की टीम फील्डिंग के लिए उतर भी गई थी, लेकिन जैसे ही मैच शुरू होने का समय आया, वैसे ही बारिश शुरू हो गई जिससे मुकाबले में देरी होने लगी। मुंबई और पंजाब किंग्स के बीच क्वालिफायर-2 मुकाबले से ठीक पहले अहमदाबाद में बारिश शुरू हो गई है। मैदान को कवर्स से ढका है। पंजाब ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है और स्पिनर युजवेंद्र चहल की वापसी हो गई है जो चोट के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर चल रहे थे। मुंबई ने भी टीम में एक बदलाव किया है। मुंबई ने प्लेइंग-11 में रीस टॉप्ली को ग्लीसन की जगह मौका दिया है। ग्लीसन चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। मुंबई और पंजाब के बीच क्वालिफायर-2 मुकाबले के लिए रिजर्व डे नहीं रखा गया है। इसका मतलब यह है कि अगर बारिश के कारण यह मुकाबला नहीं हो पाता है तो पंजाब की टीम ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी और मुंबई का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा।

## बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में मिली हार, फ्रेंच ओपन में समाप्त हुआ सफर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के बोपन्ना और उनके जोड़ीदार पावलासेक ने दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और



हेनरी पैटन की जोड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन वे मुकाबला जीत नहीं सके। रोहन बोपन्ना और एडम पावलासेक की जोड़ी का सफर वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया है। भारत के बोपन्ना और उनके जोड़ीदार पावलासेक ने दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन वे मुकाबला जीत नहीं सके। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही। बोपन्ना और पावलासेक इसके बाद अपनी सर्विस को भुनाने में सफल रहे लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की सर्विस को ब्रेक करने में नाकाम रहे। बोपन्ना ने दूसरे सेट में शानदार शुरुआत कर अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना पहले गेम को अपने नाम किया। बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी के पास दूसरे सेट में उस समय बढ़त को बड़ा करने का मौका था जब वे 3-2 से आगे थे। पैटन ने छठा गेम को डबल फॉल्ट से शुरू किया फिर एक और अंक गंवाकर 0-30 से पिछड़ गए लेकिन ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने लगातार चार अंक लेकर खतरे को टाल दिया। मैच के दूसरे सेट में कोई भी सर्विस ब्रेक नहीं हुआ जिससे मुकाबला टाई ब्रेकर में खिंच गया। हेलियोवारा की शानदार सर्विस रिटर्न ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को जीत दिला दी। युकी भांबरी को भी अपने अमेरिका के साथी रॉबर्ट गैलोवे के साथ अपना तीसरे दौर का मैच खेलना है।

## राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष, जानें रोजर बिन्नी क्यों छोड़ सकते हैं पद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया। हालांकि, अब राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया जा सकता है। आइए वजह जानते हैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है। सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष



पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया था। बिन्नी के अध्यक्ष रहते ऐतिहासिक महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यू) की भी शुरुआत हुई। उनके अध्यक्ष रहते ही घरेलू क्रिकेट को बेहतर प्रोत्साहन मिला। खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि हुई और टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंटों में खिलवाने के लिए उचित और सख्त कदम उठाए गए 1983 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे ऑलराउंडर बिन्नी ने 27 टेस्ट मैचों और 72 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए और पांच अर्धशतकों की मदद से 830 रन बनाए। 72 वनडे मैचों में उन्होंने 77 विकेट लिए और एक अर्धशतक की मदद से 629 रन बनाए। भारत को पहला वनडे विश्व कप (1983) जिताने में उनका अहम योगदान था। 1983 विश्व कप में 18 विकेट लेकर वह भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी इससे पहले बीसीसीआई चयन समिति के सदस्य के रूप में काम कर चुके हैं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## फाइनल से पहले कप्तान श्रेयस अय्यर पर चला बीसीसीआई का चाबुक, मुंबई इंडियंस को लगी दोहरी मार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फाइनल से पहले पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का चाबुक चला है। बोर्ड ने उनपर धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया है। इसके अलावा मुंबई इंडियंस को भी दोहरी मार लगी है।आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। रविवार को दूसरी फाइनलिस्ट टीम भी तय हो गई। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। इससे पहले पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का चाबुक चला है। बोर्ड ने उनपर धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया है। वहीं, मुंबई इंडियंस को भी दोहरी मार लगी है।दरअसल, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 का क्वालिफायर-2 रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 87 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मुकाबले के बाद बीसीसीआई ने पंजाब के कप्तान श्रेयस पर धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना ठोका है। चूंकि यह उनकी टीम से दूसरी बार हुआ है इसलिए अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, प्लेइंग 11 में इम्पैक्ट प्लेयर समेत शामिल अन्य खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वहीं, मुंबई इंडियंस पर भी गाज गिरी है। बीसीसीआई ने कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया है। मौजूदा सत्र में यह उनकी तीसरी गलती थी जिसकी वजह से पांड्या पर बोर्ड ने 30 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। इसके अलावा प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर 12 लाख रुपये या मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।





# सम्पादकीय

## आखिर राष्ट्रीय पार्टियों के प्रवक्ता कब सीखेंगे शालीनता

भारतीय लोकतंत्र में संवाद और सहिष्णुता की परंपरा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में टीवी डिबेट्स में मर्यादा का पतन हो रहा है। भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ल की कांग्रेस प्रवक्ता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी ने नारी सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों को ठेस पहुंचाई। टीआरपी के लिए चैनल्स विवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, जो लोकतंत्र की आत्मा को कलंकित कर रहा है। हमें संवाद की मर्यादा बनाए रखने की जरूरत है। भारतीय लोकतंत्र केवल एक राजनीतिक प्रणाली नहीं, बल्कि संवाद, सहिष्णुता और सांस्कृतिक मर्यादा का जीवंत प्रतीक माना जाता है। यहां विरोध और मतभेद को भी सम्मान और विवेक के साथ व्यक्त करने की गौरवशाली परंपरा रही है। लेकिन पिछले कुछ साल से भारतीय राजनीति में शिष्टाचार और मर्यादा का बड़ी तेजी से पतन हो रहा है। खासकर जब से तथाकथित राष्ट्रीय चैनलों ने टीआरपी के लिए बहस के नाम पर दो पक्ष के लोगों को आपस में भिड़ाना शुरू किया है, तब से यह वैचारिक पतन अफनी पराकाष्ठा की ओर बढ़ रहा है।आजकल टीवी चैनलों पर, लाखों-करोड़ो दर्शकों के समक्ष, देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के प्रवक्ता एक दूसरे के लिए जब अपशब्दों और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं, तो यह घटना मात्र व्यक्तिगत गिरावट नहीं रह जाती, बल्कि यह लोकतंत्र की गिरती संवाद संस्कृति का चिंताजनक संकेत बन जाती है।दरअसल, हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने टीवी बहस के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता के प्रति कथित रूप से अत्यंत अपमानजनक टिप्पणी की। उस टिप्पणी में जिस प्रकार मां जैसे पवित्र संबंध को निशाना बनाया गया, उसने केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज और उसकी सांस्कृतिक चेतना को आहत किया है।राजनीतिक प्रवक्ता किसी भी पार्टी की वैचारिक रीढ़ के साथ साथ पार्टी का फेस माने जाते हैं। प्रवक्ता जनता और पार्टी के बीच संवाद के पुल की तरह काम करते हैं। ऐसे में इन प्रत्काओं की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। जब वे टीवी पर बोलते हैं, तो उनका हर शब्द लाखों लोगों तक पहुंचता है और पार्टी की छवि को दर्शाता है। ऐसे में, जब एक प्रवक्ता सार्वजनिक मंच पर असभ्य भाषा का उपयोग करता है, तो यह पार्टी की वैचारिक परिपक्वता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है।टीवी डिबेट सूचना, विश्लेषण और तर्क का मंच बिल्कुल भी नहीं रह गए। इन दिनों उत्तेजना, उकसावे और चरित्र हनन का अखाड़ा बन चुके हैं। मीडिया चैनलों को भी आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है कि वे किस प्रकार की बहसों को बढ़ावा दे रहे हैं। 2023 में किए गए एक मीडिया सर्वे के अनुसार, 71 प्रतिशत दर्शकों का मानना है कि आजकल टीवी डिबेट्स गंभीर बहस के बजाय ठहंगामा आधारित मनोरंजनठ बन चुके हैं।अधिकांश डिबेट्स का उद्देश्य समस्या का समाधान निकालना या समाधान सुझाना नहीं, बल्कि विरोधी दल के नेता को नीचा दिखाना होता है। ऐसे में संवाद का स्तर गिरना स्वाभाविक है। चैनल्स टीआरपी के लिए बहस को एक तमाशे में बदल रहे हैं। वे उन प्रवक्ताओं को ही बुलाते हैं जो गाली-गलौज में पारंगत होते हैं? ऐसे विवादास्पद प्रवक्ताओं को बार-बार मंच प्रदान करना पत्रकारिता की नैतिकता पर भी सवाल उठाती है।भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)() बेशक नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है, लेकिन यह अनुच्छेद 19(2) के तहत ठशालीनता और नैतिकताठ जैसी उचित सीमाओं से नियंत्रित भी है। इसके अतिरिक्त, भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस की धारा 356, धारा 356 और धारा 357 सार्वजनिक तौर पर अभद्र भाषा या अश्लील कृत्य को दंडनीय बनाती है, जिसमें तीन महीने तक की सजा या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। कुछ धाराएं विशेष रूप से महिलाओं की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों को अपराध की श्रेणी में लाता है।भारतीय संस्कृति में मां को सर्वोपरि रखा गया है। हर रिश्ते में मां सर्वोच्च है। शास्त्रों और धर्म ग्रंथों में भी मां को महिमा मंडित किया गया है। ठजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीठ- अर्थात मां और जन्मभूमि स्वर्ग से भी अधिक पूजनीय हैं। ठमातृदेवो भवठ- यह वाक्य केवल उपदेश नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक चेतना का आधार है। हमारे महापुरुष भी मां यानी नारी के बारे में उच्चतम विचार रखे है। यदि आप किसी राष्ट्र की संस्कृति को समझना चाहते हैं, तो उसमें महिलाओं के प्रति व्यवहार को देखिए।ठ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन कहते थे, ठनारी का सम्मान ही समाज की सभ्यता का दर्पण है।ठ गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में लिखा, ठजहां नारी सम्मान न हो, वहां लक्ष्मी निवास नहीं करती।ठ इन विचारों से स्पष्ट है कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में मातृत्व और नारी का अपमान सबसे गंभीर नैतिक अपराध माना गया है।ऐसे में किसी की मां को गाली देना केवल व्यक्तिगत अपमान नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि राजनीति में महिलाओं के प्रति सम्मान कितना खोखला हो चुका है।

## बांग्लादेश में कट्टरता, कट्टरपंथी संगठन लड़ेगा चुनाव

बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठन जमाते इस्लामी का पंजीकरण बहाल हो जाना और उसके चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो जाना भारत के लिए भी चिंताजनक है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से ही एक न्यायाधीश के साथ दो अन्य न्यायाधीशों ने इस्तीफा दे दिया था। इन्हें छात्रों के उसी संगठन ने इस्तीफा देने के लिए बाध्य किया था जिनके नेतृत्व में शेख हसीना सरकार के विरुद्ध आंदोलन चला था। स्पष्ट है कि अब वहां के सुप्रीम



के बाद एक जो घटनाएं हो रही हैं, वे भारत के लिए शुभ संकेत नहीं। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार केवल पाकिस्तान और चीन से ही अपने संबंध बढ़ाने में ही नहीं लगी हुई है, बल्कि अपने यहां के कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा देने में भी लगी हुई है ताजा उदाहरण जमाते इस्लामी का चुनाव लड़ने में सक्षम हो जाना है। यह ठीक है कि इसका पंजीकरण इसलिए बहाल हुआ, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा करने का आदेश दिया था, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के एक सप्ताह के अंदर ही बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य कोर्ट में भी ऐसे न्यायाधीश आ चुके हैं जो कार्यवाहक सरकार की हां में हां मिलाने के लिए तैयार हैं। तथ्य यह भी है कि छात्रों के आंदोलन में जमाते इस्लामी ने पूरा सहयोग दिया था। यह वही संगठन है जिस पर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय पाकिस्तान की मदद करने और मानवता के विरुद्ध अपराध एवं नरसंहार के आरोप लगे थे। इन आरोपों के चलते ही उसके छह शीर्ष नेताओं को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। जमाते इस्लामी कितना कट्टरपंथी और जिहादी सोच वाला संगठन है, इसका एक प्रमाण यह भी है ।

# डर-चिंता छोड़ लौटने लगे हैं प्रवासी, जंग के जख्मों को भूल सीमावर्ती गांव के खेतों में लौटी जिंदगी

पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में अब जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, प्रवासी लौटने लगे हैं और खेतों में धान की रोपाई शुरू हो गई है। लेकिन टैंकों की तैनाती और मॉकड्रिल के बीच लोगों के मन में अब भी डर बना हुआ है डर, दहशत, और चिंता के बीच जम्मू-कश्मीर के पाकिस्तानी हमले से प्रभावित सीमावर्ती इलाकों और शहरी क्षेत्रों में दिनचर्या सामान्य हो चुकी है। सुरक्षित ठिकाने की तलाश में घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां गए स्थानीय लोग पहले ही लौट आए थे, अब प्रवासी मजदूरों का लौटना भी शुरू हो चुका है। मजदूरों के लौटने का सिलसिला शुरू होने से खेतों में धान की रोपाई के काम ने भी रफ्तार पकड़ ली है। पर, रोजमर्रा की व्यस्तताओं के बीच भी लोग दुश्मन के मंसूबों को लेकर सतर्क हैं। सीमा पर तैनात टैंक और तोपें बताती हैं कि आशंका के बादल अभी पूरी तरह से छटे नहीं हैं।शहर में यूं तो सबकुछ सामान्य हो चुका है। लोग अपने काम में व्यस्त हो चुके हैं। पर, पाकिस्तानी गोलाबारी से हुए नुकसान का भय अब भी लोगों के मन से दूर नहीं हुआ है। रिहाड़ी में ड्रोन हमले से प्रभावित अनिल चड्ढा एक अलग ही समस्या से जूझ रहे हैंवह बताते हैं, हम सबने तो खुद को संभाल लिया, पर मेरा साढ़े सात साल का बेटा सायरन की आवाज और अंधेरे से डरने लगा है। मॉकड्रिल के दौरान उसकी हालत देखकर हम सब भी डर गए थे। हम लोग उसे डॉक्टर को दिखाने की सोच रहे हैं। रंजीत कुमार की भी ऐसी ही चिंता है।वह बताते हैं, शनिवार को ब्लैकआउट होते मेरी बेटियों ने दौड़-दौड़कर घर को पर्दे से ढका। यह सब सामान्य डर नहीं था। हमने उनके चेहरे पर खौफ की लकीरें देखीं। गांधी नगर निवासी प्रतिभा कहती हैं, हम लोगों ने चंडीगढ़ स्थित अपने घर के किरायेदारों से मकान खाली करवा लिया है। जरूरत पर हम लोग वहां शिफ्ट हो जाएंगे। अरनियाः रात में आसमान में कुछ भी चमकता दिखे तो लगता है ड्रोन हमला हो गया'सुबह-शाम तो उसी तरह से हो रही है, जैसा कि पाकिस्तानी गोलाबारी से पहले होती थी। बच्चे स्कूल जा रहे हैं, पुरुषों का पहले की तरह काम पर निकलना शुरू हो चुका है'-हालात को लेकर सवाल करते ही राजवंत सिंह एक सांस में सारा माहौल बता दिए। गहरी सांस लेकर वह कहते हैं, हमने ड्रोन से हमला पहली बार देखा। अब तो रात में आसमान में यदि कोई चमकती चीज दिख जाती है, तो लगता है कि ड्रोन हैपाकिस्तान भरोसे लायक नहीं है। ऐसे में डर तो लगा ही रहता है। रिटायर्ड लेक्चरर सोहनलाल थापा सुरक्षा पर जोर देते हैं। कहते हैं, बंकरों का निर्माण कार्य शुरू होना चाहिए। वह बताते हैं, नगर पालिका अधिकार क्षेत्र में आने वाले कस्बों में बनने वाले 542 बंकरों की सूची तैयार हो चुकी है। वहीं, सोहनलाल बताते हैं कि लोगों में इस कदर डर है कि वे ड्रोन दिखने की सूचना पुलिस को देते रहते हैं। पुलिस को आना पड़ता है, पर कुछ मिलता नहीं।हीरानगर : हालात सामान्य होते ही किसान अपने खेतों में डटेसंघर्ष विराम के बाद भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हालात सामान्य होने से सीमा से सटे इलाकों में लोगों की दिनचर्या सामान्य होने लगी है। गोलाबारी के दौरान किसान खेतों में नहीं जा रहे थे। अब स्थिति बदली है। किसान अगली फसल की तैयारी में जुट गए हैं। स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार कहते हैं, हालात तो सामान्य हुए हैं, इसमें कोई संदेह नहापर, सवाल वही है कि क्या पाकिस्तान अब कोई हरकत नहीं करेगा? सीमा से सटे गांवों के लोग तनावपूर्ण स्थिति के दौरान भी यहां डटे रहे। किसान राम सिंह बताते हैं, पिछले दिनों सीमा पर स्थिति तनावपूर्ण होने से गेहूं की फसल की कटाई आननफानन करनी पड़ी। तब से लोग इसी चिंता में थे कि अगली फसल का क्या होगा। अब हालात सामान्य हुए हैं तो किसानों ने अगली फसल की तैयारी शुरू कर दी है।पुंछः सर्वे के इंतजार में रुका मरम्मत कार्य, पाकिस्तान की नीयत पर शक चैन से सोने नहीं दे रहापाकिस्तान की गोलाबारी से सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ हुआ है। चौदह लोगों ने यहां अपनी जान गंवाई। बहरहाल उन दिनों की यादों को पीछे छोड़ यहां धीरे-धीरे जनजीवन सामान्य हो रहा है। पर, यह भी सच है कि यहां के लोगों के मन में शांति कायम रहने को लेकर संदेह हैपूछने पर एक ही जवाब आता है-पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर सकते। गीता भवन के प्रधान क्षेत्रपाल हालात को लेकर सवाल पर कहते हैं, मंदिर के क्षतिग्रस्त हिस्सों को हर जगह ढक दिया गया है। फिलहाल लोग सर्वे पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत करवाई जा सके। वार्ड नंबर 4 और 16 के पूर्व काउंसलर इम्तियाज सलारिया और राजेश कुमार कहते हैं कि तोपों को सीमा से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है, पर लोगों के मन भय से घिरे हैं। रात में गहरी नींद नहीं आती।उड़ी व तंगधारः गोलाबारी में बर्बाद हुए घर लोगों को मरहम की आससंघर्ष विराम होने के बाद उड़ी और तंगधार के सीमावर्ती इलाकों में शांति है। ज्यादातर लोग अपने गांव लौट आए हैं। पर, काफी ऐसे लोग हैं जिनके घर-दुकान गोलाबारी में बर्बाद हो चुके हैं। मकानों की मरम्मत के लिए उन्हें सरकारी मदद का इंतजार हैऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने सीमावर्ती नागरिक क्षेत्रों पर भारी गोलाबारी की थी, जिसमें जानमाल का नुकसान हुआ था। कुपवाड़ा क्षेत्र के तंगधार के राहिल अहमद वानी उन दिनों को याद कर सिहर उठते हैं। वह बताते हैं कि त्रिबुनि, शमसपोरा, बागबेला, दिलदार, भटपोरा, नवगाबरा आदि गांवों में 100 से ज्यादा इमारतें तबाह हो गई हैं। करीब 50 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिनकी गृहस्थी उजड़ गई उनको मदद की दरकार है।



## जम्मू-कश्मीर में फिल्मी सितारों का पसंदीदा टैक्सीवाला, अब्दुल हमीद को अभिनेता जितेंद्र ने इमरान

डल झील के सामने बने होटल के ड्राइवर अब्दुल हमीद को अपनापन की शूटिंग के समय जितेंद्र ने नाम दिया था इमरान खान। होटल द्वारा जारी बिल्ले पर उनका नाम इमरान





खान लिखा है। उनके फोटो-नाम-नंबर के साथ बाकायदा लिखा है, 'इंडियन फिल्म स्टार टैक्सी ऑपरेटर'। डल झील के सामने कश्मीर का सबसे शानदार द ललित ग्रैंड पैलेस होटल 1954 में होटल ओबेरॉय पैलेस में तब्दील होने से पहले डॉ. कर्ण सिंह के परिवार का शाही निवास गुलाब भवन था। कश्मीर के बुरे दिनों में डेढ़ दशक वीरान रहने के बाद 2003 में द ललित ग्रैंड पैलेस होटल बनकर, नई शान से दरवाजे खोले। इनहाउस टीवी पर होटल की डॉक्यूमेंट्री से पता चलता है कि होटल का सबसे पुराना ड्राइवर इमरान खान होटल ओबेरॉय पैलेस के दौर से है। आज वह करीब 85 साल के हैं, असली नाम अब्दुल हमीद है। होटल द्वारा जारी बिल्ले पर उनका नाम इमरान खान लिखा है। उनके फोटो-नाम-नंबर के साथ बाकायदा लिखा है, 'इंडियन फिल्म स्टार टैक्सी ऑपरेटर'। उन्हें इमरान खान नाम दिया?अभिनेता जितेंद्र ने। उन दिनों वह जितेंद्र जैसे स्टाइल के सफेद कपड़े व सफेद जूतों में तब के पाकिस्तानी क्रिकेटर इमरान खान की तरह?लगते थे। तभी से जितेंद्र ने फिल्म अपनापन ?की हीरोइन रीना राय और सुलक्षणा पंडित के सामने कहा कि आज से तुम्हारा नाम इमरान खान है।वह बताते हैं, '1960 के दशक में शम्मी कपूर जंगली, कश्मीर की कली समेत कई फिल्मों की शूटिंग करने के लिए?कश्मीर आते, तो इसी होटल में ठहरते थे। उन दिनों मेरी नई एंबेसडर कार थी?और मैं गाड़ी को चकाचक रखता था। होटल के रिसेप्शन के ऐन सामने ही चिनार के दरख्त के नीचे टैक्सी स्टैंड था। उनकी नजर मेरी टैक्सी पर पड़ी, तो बोले, 'मैं तो इसी गाड़ी में जाऊंगा-आऊंगा।' उसी दिन से वह सितारों की बिरादरी के प्रिय ड्राइवर बन गए। तब से अब तक उन्होंने शशि कपूर, राज कपूर, राजेंद्र कुमार, देव आनंद, राजेश खन्ना, संजय खान, विनोद खन्ना, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, दिलीप कुमार, संजीव कुमार, नूतन, जया प्रदा, श्रीदेवी, सुनील दत्त, संजय दत्त...कितनों को अपनी टैक्सी में घुमाया है। सुनहरे दौर के बारे में वह बताते हैं, '1955 से 85 के बीच यह होटल फिल्म यूनिट के लिए आधार कैंप की तरह होता था। एक ही वक्त में अनेक सितारे एकसाथ यहां ठहरते थे। रॉकी, सात खून माफ समेत कई फिल्मों की शूटिंग इस होटल में भी हुई।?एक दफा शम्मी कपूर शूटिंग पर आए, तो मैंने उनकी फिल्म जानवर का गीत गाकर सुनाया 'तुम से अच्छा कौन है, दिलो-ओ-जिगर लो जान लो..' और कहा कि आपने यह गीत अपनी हीरोइन जयश्री के लिए नहीं, बल्कि मेरे कश्मीर के लिए गाया है। यह सुनकर वह खिलखिलाए और?बोले, 'तूने तो मेरे दिल की बात कह दी यार।

## कुदरत के हाहाकार में ढह गए सरकारी इंतजाम, 19 लाख लोग प्रभावित

असम के 19 जिलों में करीब चार लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें से 12 हजार को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। पानी में डूबे इलाकों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।देश के ज्यादातर उत्तरी इलाके फिलहाल भीषण गर्मी की चपेट में हैं, लेकिन पूर्वोत्तर भारत बाढ़ की गहरी मार से कराह रहा है। सिक्किम से लेकर असम समेत पूर्वोत्तर के तमाम राज्य भारी बारिश और बाढ़ की चपेट में हैं। इलाके की ज्यादातर नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है। इससे इलाके में खतरा और बढ़ गया है। कई राज्यों में राहत व बचाव कार्यों में सेना की मदद ली जा रही है।असम के 19 जिलों में करीब चार लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें से 12 हजार को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। पानी में डूबे इलाकों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। लेकिन सरकारी सूत्रों ने बताया कि बेहद प्रतिकूल मौसम के कारण राहत औ? बचाव में बाधा आ रही है। राज्य में अब तक करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है।पूर्वोत्तर की बात करें तो मरने वालों का आंकड़ा 40 से ज्यादा है। राज्य में बाढ़ से करीब चार लाख लोग प्रभावित हैं। प्रशासन ने 155 राहत शिविर खोले हैं। फिलहाल 764 गांव पानी में डूब गए हैं। और साढ़े तीन हजार हेक्टेयर में खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं। पूर्वोत्तर में बारिश और बाढ़ की वजह से रेलवे, सड़क और हवाई सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। कई इलाकों में रेलवे की पटरियों के पानी में डूब जाने की वजह से ट्रेन सेवाएं ठप हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से फोन पर बातचीत में हालात की जानकारी ली है और केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने खासकर तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की है। शाह ने असम के अलावा सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से भी बात की है। मौसम विभाग ने राज्य में छह जून तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। मेघालय और मिजोरम में भी बारिश और बाढ़ ने भूस्खलन के साथ मिल कर भारी तबाही मचाई है। मेघालय में नेशनल हाइवे का एक हिस्सा बाढ़ के पानी में बह गया है। मिजोरम में भी पहाड़ी का मलबा गिरने से हाइवे पर आवाजाही ठप हो गई है। राज्य में कई पुलों को भी नुकसान पहुंचा है। इन दोनों राज्यों में सात-सात लोगों की मौत हो चुकी है। इनके साथ ही अरुणाचल प्रदेश में दस लोगों की मौत हो गई है और कई इलाकों का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से कट गया है।त्रिपुरा में भी कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। वहां करीब डेढ़ हजार लोगों को राहत सिविरो में रखा गया है। मुख्यमंत्री मानिक साहा ने कहा है कि सरकार परिस्थिति की निगरानी कर रही है औ? प्रभावितों को मदद पहुंचाई जा रही है।मणिपुर में इंफाल शहर पानी में डूब गया है। यहां 31 मई से लगातार बारिश हो रही है। इंफाल और नंबुल नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य में चार हजार से भी ज्यादा लोग प्रभावित हैं और करीब एक हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। सेना ने एक हजार से ज्यादा लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन और बाढ़ से 9 लोगों की मौत हो गई है। रविवार को भारतीय वायु सेना ने लोअर दिबांग घाटी के बोमजीर नदी में फंसे 14 लोगों को सुरक्षित निकाल कर राहत शिविर में पहुंचाया। एक कार के बाढ़ में बह जाने के कारण उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन से कई सड़कें बंद हैं और गांव मुख्य जमीन से कट गए हैं।पश्चिम बंगाल से सटे पर्वतीय राज्य सिक्किम में लगातार भारी बारिश और भूस्खलन के कारण तीस्ता नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। पहाड़ों पर चट्टान खिसकने की वजह से डेढ़ हजार से ज्यादा पर्यटक उत्तरी सिक्किम के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर फंसे हुए हैं। पर्यटकों से भरी एक कार के तीस्ता में गिरने की वजह से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो चुकी है।राज्य में रविवार शाम जमीन धंसने की वजह से सेना के एक शिविर में तीन जवानों की मौत हो गई। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। लेकिन छह जवान अभी लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है। इस बाढ़ से निपटने के सरकारी इंतजाम पर भी सवाल उठ रहे हैं।यह आरोप लग रहा है कि हर साल कई बार बाढ़ आने के बाद राज्य को बाढ़ से बचाने के ठोस इंतजाम के दावे तो किए जाते हैं। लेकिन उसके बाद सब कुछ जस का तस हो जाता है।विपक्षी कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने साल 2016 में ही राज्य को बाढ़-मुक्त बनाने का वादा किया था। लेकिन वह अब तक कागजों में ही है। पार्टी ने केदंर सरकार से बाढ़ पर अंकुश लगाने के उपायों के लिए वित्तीय सहायता देने की मांग की है।दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पार्टी ने विपक्ष पर प्राकृतिक विपदा के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के उद्गम स्थल पर बीते कई दिनो से लगातार बारी बारिश ही इस बाढ़ की मुख्य वजह है। एक नेता दलील देते हैं कि हम मौसम को तो नहीं बदल सकते हैं।हर साल कई दौर में आने वाली भयावह बाढ़ असम की नियति बनती जा रही है। देश में असम में ही सबसे पहले बाढ़ आती है। कोसी नदी को जिस तरह बिहार का शोक कहा जाता है उसी तरह ब्रह्मपुत्र को असम का शोक या अभिशाप कहा जा सकता है। वैसे, यह प्राकृतिक आपदा असम के लिए नई नहीं है। इतिहासकारों ने अहोम साम्राज्य के शासनकाल के दौरान भी हर साल आने वाली बाढ़ का जिक्र किया है। पहले के लोगों ने इससे बचने के लिए प्राकृतिक तरीके अपनाए थे। इसलिए बाढ़ की हालत में जान-माल का नुकसान कम से कम होता था। भारत, तिब्बत, भूटान और बांग्लादेश यानी चार देशों से गुजरने वाली ब्रह्मपुत्र नदी असम को दो हिस्सों में बांटती है। इसकी दर्जनों सहायक नदियां भी हैं।तिब्बत से निकलने वाली यह नदी अपने साथ भारी मात्रा में गाद लेकर आती है। वह गाद धीरे-धीरे असम के मैदानी इलाकों में जमा होता रहता है। इससे नदी की गहराई कम होती है। इससे पानी बढ़ने पर बाढ़ और तटकटाव की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है।विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी में तिब्बत के ग्लेशियरों के पिघलने और उसके तुरंत बाद मानसून सीजन शुरू होने की वजह से ब्रह्मपुत्र और दूसरी नदियों का पानी काफी तेज गति से असम के मैदानी इलाकों में पहुंचता है। पर्यावरणविद् अरूप कुमार दत्त ने अपनी पुस्तक द ब्रह्मपुत्र में लिखा है कि पहाड़ियों से आने वाला पानी ब्रह्मपुत्र औ? उसकी सहायक नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ा देता है। यही वजह है कि राज्य में सालाना बाढ़ की समस्या गंभीर हो रही है।



# सिक्किम में सिरमौर के बड़ाबन का जवान लांस नायक मनीष देश के लिए बलिदान, अभी 27 साल थी उम्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हिमाचल प्रदेश।** जिला सिरमौर के जवान मनीष कुमार सिक्किम में देश के लिए बलिदान हुए हैं। बलिदान मनीष कुमार की उम्र अभी महज 27 साल थी।सिरमौर जिले के नाहन उपमंडल के बड़ाबन गांव निवासी लांस नायक मनीष कुमार उत्तरी सिक्किम में वीरगति को प्राप्त हुए हैं। मनीष 3 डोगरा रेजीमेंट में तैनात थे। रविवार शाम करीब 7:30 बजे छत्ते नामक स्थान पर भूस्खलन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। मनीष की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। सैनिक कल्याण बोर्ड के उपनिदेशक सेवानिवृत्त मेजर दीपक धवन ने पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सिक्किम में इन दिनों बाढ़ और भूस्खलन से स्थिति विकट बनी हुई हैं। आपदा राहत एवं निगरानी के दौरान सेवाएं देते 27 वर्षीय मनीष बलिदान हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा में अन्य सैनिकों के बलिदान होने की आशंका है। 15 जनवरी 1998 को जन्मे मनीष ने वर्ष 2016 में सेना में भर्ती हुए थे वहीं, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी मनीष कुमार के शहीद होने पर शोक व्यक्त किया है उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि 'सिरमौर जिले के नाहन उपमंडल के बड़ाबन गांव निवासी लांस नायक मनीष ठाकुर जी के सिक्किम में ड्यूटी के दौरान शहीद होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिवार को इस दुःखद घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। इस अपूरणीय क्षति पर मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजन के साथ हैं।मनीष कुमार अपने पीछे पत्नी तनु देवी, माता किरण बाला और पिता जोगिंदर सिंह को छोड़ गए हैं। सैनिक की मौत की खबर के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। उन्होंने बताया कि मनीष की पार्थिव देह सोमवार शाम या मंगलवार को पैतृक गांव पहुंचने की संभावना है। उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।



# सुप्रीम कोर्ट से बाटला हाउस के संपत्ति मालिकों को राहत नहीं, जानें क्या बोले आप नेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जामिया नगर के बटला हाउस में संपत्ति मालिकों को यूपी के सिंचाई विभाग ने ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया। जिसके बाद संपत्ति मालिक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जामिया नगर के बटला हाउस में संपत्ति मालिकों को जारी किए गए ध्वस्तीकरण नोटिस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ताओं से उचित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। बटला हाउस में संपत्ति के मालिक 40 निवासियों ने ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई में तय की। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है कि जुलाई में कोर्ट खुलने के बाद एक नियमित पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। जो परिवार प्रभावित होने वाले थे, उन्हें पीएम-उदय के तहत आवेदन दाखिल करने के लिए कहा गया है। आगे कहा कि यह बस्ती पिछले 40 सालों से है और अब अनधिकृत रूप से नियमित कर दी गई है। कॉलोनी पहले से ही संरक्षित है।



# 1.5 करोड़ फ्रीज 39 लाख कैश जब्त, ईडी ने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में मारा था छापा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े बैंक फ्रॉड में प्रवर्तन निदेशालय ने नकद, डिजिटल साक्ष्य को बरामद किया। खातों में कुल 1.5 करोड़ रुपये की राशि को फ्रीज की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े बैंक घोटाला मामले में कार्रवाई के बाद जब्त किए गए सामान की जानकारी दी। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (इर्ष्र्ई), 2002 के तहत ईडी ने कार्रवाई की थी। बीती 29 मई 2025 को दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में 7 लोकेशनों पर कार्रवाई की थी। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली जोनल ऑफिस ने 29 मई 2025 को दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सात जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था। पंजाब और सिंध बैंक के तत्कालीन अधिकारी बेदानशु शेखर मिश्रा, उनके सहयोगियों और गेमिंग प्लेटफॉर्म उर्ध्247 के प्रमुख प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई हुई थी। इडी ने जानकारी देते हुए बताया कि तलाशी अभियान के दौरान 39 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई और साथ ही डिजिटल साक्ष्य, ऑनलाइन गेमिंग के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कई मोबाइल फोन और सिम कार्ड आदि सामग्री जब्त की गई। इसके अलावा, तलाशी अभियान के दौरान, ईडी ने गेमिंग प्लेटफॉर्म के उपयोग किए जा रहे 48 खच्चर खातों में कुल 1.5 करोड़ रुपये की राशि को फ्रीज कर दिया है।




# वार्ड समितियों के चुनाव जारी, आप भाजपा का इन सीटों पर कब्जा रामवीर सिंह बिधूड़ी का बड़ा दावा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एमसीडी की वार्ड समितियों के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों ही मैदान में हैं।दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के चुनाव के बाद अब वोटिंग शुरू हो गई है। रोहिणी जोन में एक वोट कम होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की है, तो वहीं नजफगढ़ वार्ड समिति में भाजपा ने जीत हासिल की है। जीत से पहले भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम स्थायी समिति का चुनाव जीतेंगे। भाजपा 12 में से 10 जोन जीतेगी। भाजपा केंद्र, राज्य (दिल्ली) और एमसीडी में है और सभी काम सुचारू रूप से चलेंगे। ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली की जनता की इच्छा के अनुसार काम करती है। एमसीडी की वार्ड समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में रोहिणी जोन में एक वोट कम होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की, उसे अपने पार्षदों की संख्या से एक वोट अधिक प्राप्त हुई। जबकि डिप्टी चेयरमैन के चुनाव में भाजपा पार्षद ने जीत हासिल की। बताया जा रहा है कि इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के उम्मीदवार को भाजपा के एक पार्षद ने वोट नहीं दिया। इस पद के लिए भाजपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था और उसने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को समर्थन दिया था। वहीं नजफगढ़ वार्ड समिति में भाजपा ने जीत हासिल की उसे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में एक वोट अधिक मिला था इस समिति में आम आदमी पार्टी के एक पार्षद ने क्रॉस वोट किया। एमसीडी की 12 वार्ड समितियों में से तीन पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने जाएंगे। करोल बाग और सिटी-पहाड़गंज वार्ड समिति में आम आदमी पार्टी के पार्षद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर का निर्वाचन निर्विरोध होगा। केशवपुरम वार्ड समिति में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा पार्षद निर्विरोध चुने जाएंगे। इन समितियों में इनके ही पार्षदों ने नामांकन पत्र दाखिल किए है। नरेला, नजफगढ़, मध्य, शाहदरा दक्षिणी व शाहदरा उत्तरी वार्ड समिति में भाजपा का पलड़ा भारी माना जा रहा है। वोटिंग से पहले दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन में चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन के चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस के इस जोन में दो पार्षद हैं। वह इस चुनाव में किसे वोट देंगे। एक तरफ भाजपा समर्थित आईवीपी का पैनल है और दूसरा पैनल आम आदमी पार्टी का है। कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बताएं कि कांग्रेस के दो पार्षद किसको वोट देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पार्षद भाजपा के समर्थन वालों को वोट कर सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि कांग्रेस पार्षद सोमवार को होने वाले एमसीडी की वार्ड समितियों के चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए भाजपा-आम आदमी पार्टी एक जैसी है।



# गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर दर्दनाक हादसा, छह लोगों की हालत गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दिल्ली से सटे गुरुग्राम शहर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बीती रात करीब 12 बजे गुरुग्राम- सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर हादसा हो गया। घामडोज टोल के पास ट्रैक्टर ट्राली से अनियंत्रित क्रेटा गाड़ी जा टकराई है। गाड़ी में एक व्यक्ति सवार था। जबकि ट्रैक्टर पर पांच मजदूर सवार थे। सभी को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि हाइवे पर ट्रैक्टर ट्राली नहीं चल सकते। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।



# इस मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान, जानें जून में कैसा रहेगा मौसम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हिमाचल प्रदेश।** प्रदेश में मानसून सीजन जून से सितंबर तक चलता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश (एलपीए का 109 फीसदी से अधिक) होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश (एलपीए का 109 फीसदी से अधिक) होने की संभावना है। प्रदेश के लिए 1971-2020 की अवधि के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन में सामान्य वर्षा 734.4 मानी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से सोमवार को इस संबंध में पूर्वानुमान जारी किया गया है। प्रदेश में मानसून सीजन जून से सितंबर तक चलता है। जून के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। जून के लिए सामान्य बारिश (101.1) मिलीमीटर मानी गई है मौसम विभाग के अनुसार सामान्य से अधिक बारिश कृषि और जल संसाधनों के लिए लाभकारी है, लेकिन बाढ़, परिवहन में व्यवधान, सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान जैसे जोखिम भी लाती है। इन जोखिमों से निपटने के लिए रणनीतियों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आईएमडी की प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का उपयोग करना, निगरानी और संरक्षण पहलों को मजबूत करना और विशेष रूप से कमजोर क्षेत्रों में प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करना शामिल हो सकता है।हिमाचल प्रदेश में पूर्व मानसून सीजन 1 मार्च से 31 मई तक सामान्य से 27 फीसदी कम बारिश हुई। इस अवधि के लिए 240.7 मिलीमीटर को सामान्य बारिश माना गया, लेकिन वास्तव में 175.0 मिलीमीटर बारिश ही हुई। पूर्व मानसून सीजन में 1901-2025 की अवधि में 39वीं सबसे कम बारिश(175.0 मीमी) हुई है। सबसे कम बारिश वर्ष 2022 में 63.8 मिलीमीटर हुई थी। इस बार पूर्व मानसून सीजन में सिरमौर जिले में बहुत अधिक बारिश हुई, जिला सोलन में अधिक बारिश दर्ज की गई। कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर जिले में सामान्य बारिश हुई। चंबा, लाहौल-स्पीति व किन्नौर जिले में कम बारिश हुई है। मार्च व मई में राज्य में कुछ दिनों में भारी बारिश देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार 3 और 4 जून को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। जबकि 2 और 5 जून को राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। 6 जून को उच्च पर्वतीय अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होगी। सप्ताह के शेष दिनों में शुष्क मौसम बना रहेगा। अगले 2-3 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा और कुछ स्थानों पर तापमान में गिरावट होगी। इसके बाद अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। अगले 2-3 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अगले 3-4 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है।



# सिलेंडर ब्लास्ट से दो बेटों की मौत, खतरे में तीसरे की जिंदगी पिता मांग रहे सलामती की दुआ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के यमुनापार में वर्कशॉप और गोदाम में हुए विस्फोट में घायल तीन भाइयों में से दो की मौत हो गई। अपने दो बच्चों की खोने वाली शबाना का रो-रो कर बुरा हाल है। बार-बार वह बच्चों को याद करके बेसुध हो जा रही हैं। पिता अपने इकलौते बचे बेटे रजा की सलामति की दुआ मांग रहे हैं। यमुनापार के नंद नगरी इलाके में शनिवार को वर्कशॉप और गोदाम में हुए विस्फोट में घायल तीन भाइयों में से मोहम्मद अब्बास (4) और साकिब (7) की मौत हो गई। तीसरे भाई राजा (9) और गोदाम कर्मचारी अरशद की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने एफआईआर में लापरवाही से हुई मौत की धारा भी जोड़ दी है। पुलिस गोदाम मालिक इकराम, जिसके मकान में गोदाम था उसके मालिक अनीस को खोज रही है। उत्तरी पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि सुंदर नगरी के-ब्लाक गली नंबर-छह में 22.50 गज में तीन मंजिला इमारत बनी है। इसकी पहली मंजिल पर अफसार पत्नी शबाना, तीन बेटे अब्बास, साकिब और रजा रहते हैं। अफसार मूल रूप से बुलंदशहर के अनूपशहर स्थित मोरी गेट सब्जी मंडी के रहने वाले हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए वह दो वर्ष पहले यहां आए थे। इसी मकान के भूतल पर कबाड़ का व्यवसाय करने वाले इकराम का गोदाम है। यहां सीएनजी सिलेंडरों की मरम्मत काम अवैध तौर पर होता था, जिससे इससे आसपास के लोग परेशान थे। शनिवार शाम यहां एक पुराने सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आकर गोदाम में काम कर रहे अरशद और बाहर खेल रहे अब्बास, साकिब, रजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जीटीबी अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार सुबह करीब 4:30 बजे अब्बास और सुबह करीब छह बजे साकिब की उपचार के दौरान मौत हो गई।यमुनापार के कई क्षेत्रों की संकरी गलियों में कबाड़ के कई गोदाम हैं। इन इलाकों में सीएनजी सिलेंडरों को भी रखा जाता है, जो अक्सर हादसों की वजह बनते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसके बावजूद प्रशासन अनदेखी करता है, जिसकी वजह से दो मासूमों की जान चली गई।अपने दो बच्चों की खोने वाली शबाना का रो-रो कर बुरा हाल है। बार-बार वह बच्चों को याद करके बेसुध हो जा रही हैं। पिता अपने इकलौते बचे बेटे रजा की सलामति की दुआ मांग रहे हैं। घर के सामने ही उनकी ससुराल है। उन्होंने बताया कि ईद के लिए बच्चों के कपड़े खरीदने के लिए शबाना जाने वाली थी, लेकिन तभी यह हादसा हो गया।



# प्रेमी के घर रह रही लड़की को परिवारजन जबरन उठाकर ले गए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रेमी का आरोप है कि युवती अपनी मर्जी से उसके साथ रह रही थी, लेकिन अचानक परिवारजन बड़ी संख्या में पहुंचे और उसे जबरदस्ती उठाकर ले गए।जोधपुर शहर के रातानाडा थाना क्षेत्र में एक युवती को जबरन उठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवती अपने प्रेमी के घर आकर रह रही थी, इसी दौरान उसके परिवारजन वहां पहुंचे और उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गए। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें लगभग 20-25 लोग लड़की को जबरन घर से बाहर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। यह घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है। युवक ने मामले की जानकारी रातानाडा थाने में दी है। युवक का आरोप है कि युवती अपनी मर्जी से उसके साथ रह रही थी, लेकिन अचानक परिवारजन बड़ी संख्या में पहुंचे और उसे जबरदस्ती उठाकर ले गए।



# एक और योजना का बदलेगा नाम, जल स्वालंबन की जगह होगा वंदे गंगा अभियान; 5 से 20 जून तक चलेगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**राजस्थान।** की भजनलाल सरकार पूर्ववर्ती सरकारों की एक और योजना का नाम बदलने जा रही है। साल 2016 में शुरू किए गए जल स्वावलंबन अभियान का नाम बदलकर अब वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान करने जा रही है।राज्य सरकार वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान शुरू करने जा रही है। खास बात यह है कि पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार में शुरू किए गए जल स्वावलंबन अभियान को ही नया नाम वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान दिया गया है। सीएम भजनलाल शर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी। इसे लेकर पिछले सप्ताह सीएम के स्तर पर समीक्षा बैठक भी बुलाई गई थी।सीएम शर्मा ने बताया कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस तथा गंगा दशहरा एक ही दिन 5 जून को है। हम इस दिन हमारे अभियान की शुरूआत करेंगे और पर्यावरण संरक्षण को हमारी परम्परा और संस्कृति से जोड़ते हुए वंदे गंगा कलश यात्रा तथा जलाशयों पर पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान में हर विभाग की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा आपसी समन्वय के साथ सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यों एवं गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर प्रतिदिन अपडेट ली जाए। शर्मा ने कहा कि अभियान के पहले दिन प्रदेश के गांवों में जल संरक्षण के कम से कम एक कार्य की शुरूआत की जाए। ग्राम स्तर पर जल मित्र बनाकर अधिक से अधिक लोगों की इसमें सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



# र्निया का पहला ऑपरेशन रहा असफल, दूसरे में गई मरीज की जान; अस्पताल में हंगामा'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के कौशांबी में एक निजी अस्पताल में हर्निया ऑपरेशन के दौरान एक मरीज की मौत का मामला सामने आया है। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिचितों ने अस्पताल में हंगामा किया। थानाक्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में हर्निया ऑपरेशन के दौरान मुजफ्फरनगर के भस्सी गांव निवासी उज्ज्वल चौधरी (35) की मौत हो गई। इसके बाद परिवार और परिचित लोगों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। दो जून की सुबह करीब सात बजे से शुरू हुए हंगामे को पुलिस संभालने की कोशिश कर रही है, लेकिन परिजन ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्हें सामने बुलाने की मांग पर अड़े हैं। परिजनों ने बताया कि उज्ज्वल हर्निया की दिक्कत के चलते ऑपरेशन के लिए 26 मई को भर्ती हुए थे। इसके बाद डॉक्टर ने उनका पहला ऑपरेशन किया जो किसी वजह से असफल रहा।



# हथियार सप्लायर की गिरफ्तारी करने गई पुलिस टीम पर हमला, दरोगा गंभीर रूप से घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बिहार।** दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना इलाके के उसरी गांव में पुलिस एक वारंटी को पकड़ने गई थी। तभी गांव के लोगों ने अचानक पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में बहेड़ी थाना में काम कर रहे दरोगा उपेंद्र सिंह बुरी तरह घायल हो गए दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के उसरी गांव में एक वारंटी की गिरफ्तारी के लिए गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में बहेड़ी थाना में तैनात दरोगा उपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए डीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस टीम एक हत्या मामले में वांछित हथियार सप्लायर पंचम लाल यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। तभी गांव में भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। दरोगा उपेंद्र सिंह को घेरकर पिटाई की गई और उनका सर्विस पिस्टल भी छीनने की कोशिश की गई, हालांकि ग्रामीण इसमें सफल नहीं हो सके। साथ में मौजूद पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दरोगा को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला और एक हमलावर को मौके से गिरफ्तार किया।घटना की पुष्टि करते हुए दरभंगा ग्रामीण एसपी आलोक ने बताया कि छापेमारी बहेड़ी थाना की पुलिस ने कुशेश्वरस्थान थाना के सहयोग से की थी। इसी दौरान पुलिस टीम पर हमला किया गया। हमलावर पेशेवर अपराधी हैं और आरोपियों को बचाने के लिए स्थानीय लोग पुलिस के सामने आ गए।हमले में शामिल मुख्य आरोपियों में एक अवधेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि वह गांव का पैक्स अध्यक्ष है और स्थानीय स्तर पर उसका दबंग प्रभाव है। पुलिस की कार्रवाई जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## नकली एआई वीडियो पर पंकज त्रिपाठी ने रखी राय, बोले- इंसानी भावनाओं की सबसे ज्यादा अहमियत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने नकली एआई वीडियो पर अपनी राय रखी है। उन्होंने विज्ञान और मानवीय भावनाओं के बारे में बात की है।जब से सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस 4' रिलीज हुई है, तब से ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में नकली एआई-जनरेटेड वीडियो के बढ़ते चलन के बारे में बात की है और इस पर अपने विचार रखे हैं। आइए जानते हैं पंकज त्रिपाठी ने एआई जेनेरेटेड वीडियो पर क्या कहा है पंकज त्रिपाठी से ऑनलाइन फैल रहे नकली एआई कंटेंट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जूम टीवी से बातचीत में कहा 'मुझे बचपन में विज्ञान के बारे में एक लेख याद है। 'यह वरदान है या अभिशाप' यह क्या है यह दोनों है। अगर इसका सही तरीक से इस्तेमाल किया जाए, तो यह एक बेहतरीन चीज है। अगर इसका



बिना मतलब इस्तेमाल किया जाए, तो यह हानिकारक हो सकता है। किसी भी तकनीक का सही तरीके से इस्तेमाल होना चाहिए।उन्होंने आगे कहा 'अगर तकनीक है, तो उसके दोनों तरह के इस्तेमाल होंगे। इंसान को इस बात का एहसास होना चाहिए कि वह जो देख रहा है, वह वास्तविक और मौलिक है या नहीं। आप कितना देखेंगे और कितना समझेंगे? आपको अपना जीवन जीना होगा और काम भी करना होगा। मैं डरा हुआ नहीं हूं क्योंकि तकनीक चाहे जितनी भी विकसित हो जाए, इंसानी भावनाओं की बहुत अहमियत है और यह बदलने वाला नहीं है।आपको बता दें कि पंकज त्रिपाठी को आखिरी बार 'क्रिमिनल जस्टिस 4' में देखा गया था। इसका प्रीमियर 29 मई को हुआ था। इसके बाद, वह अनुराग बसु की अपकमिंग फिल्म 'मेट्रोष्ठ इन दिनों' में दिखाई देंगे। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म 4 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## परेश रावल के 'हेरा फेरी 3' से अलग होने पर हिमेश ने दी प्रतिक्रिया, बोले- वह फिर से ग्रेट होंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हेरा फेरी 3' से परेश रावल के अलग होने पर गायक हिमेश रेशमिया ने प्रतिक्रिया दी है।



इससे पहले सुनील शेट्टी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं।अभिनेता परेश रावल की फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले परेश रावल ने एलान किया कि वह फिल्म 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा नहीं होंगे। इसके बाद इस फिल्म के निर्माता अक्षय कुमार ने उन पर केस कर दिया। इस मामले पर अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी थी। अब इस मामले पर अभिनेता और गायक हिमेश रेशमिया की प्रतिक्रिया आई है। हाल ही में हिमेश रेशमिया का मुंबई में एक कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में सिंगर ने बिना परेश रावल का नाम लिए कहा 'पहली वाली 'हेरा फेरी' में वह कमाल के थे, 'हेरा फेरी 2' में भी वो कमाल के थे और अब वो एक बार फिर से ग्रेट होंगे।' इसके अलावा हिमेश ने अपने फैंस को उस वक्त हंसा दिया, जब उनसे पूछा कि नॉर्मल गाउं या नाक से गाउं आपको बता दें कि हिमेश रेशमिया ने पहली वाली 'हेरा फेरी' में एक गाना गाया था। इसके बाद फिल्म 'फिर हेरा फेरी' में म्यूजिक दिया था। इस फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। कयास लगाए जा रहे हैं कि 'हेरा फेरी 3' में भी वह म्यूजिक देंगे। हालांकि इस बात की अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे एक दिन पहले अभिनेता सुनील शेट्टी ने परेश रावल को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा था 'उस आदमी के लिए... जो बुद्धि और ज्ञान दोनों का पावरहाउस है और उससे भी बेहतरीन इंसान है। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं परेश जी। हमेशा ढेर सारा प्यार और सम्मान सर परेश रावल।' सुनील शेट्टी की इस पोस्ट पर फैंस ने कमेंट करते हुए सुनील शेट्टी से गुजारिश की कि परेश रावल को 'हेरा फेरी 3' के लिए मनाएं और उन्हें फिल्म में वापस लेकर आएं।आपको बता दें कि हाल ही में परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' से अलग होने का फैसला किया है। अब मामला कोर्ट में है। बताया जाता है कि कथित तौर पर परेश रावल ने फिल्म छोड़ने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उन्हें सही स्क्रिप्ट नहीं दी गई थी।

## अभिनय के अलावा कमल हासन ने किए ये सामाजिक काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्मी दुनिया में काम करने वाले अभिनेता कमल हासन ने सामाजिक काम भी किए हैं। इससे कई लोगों को बहुत फायदा मिला है। आइए इन कामों के बारे



में जानते हैं।तमिल सुपर स्टार कमल हासन जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'ठग लाइफ' से बड़े पर्दे पर आने वाले हैं। उनकी यह फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले कर्नाटक में उनकी फिल्म का विरोध हुआ है। फिल्म की रिलीज और फिल्म के विरोध की वजह से कमल हासन सुर्खियों में हैं। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं कि कमल हासन ने कौन से सामाजिक काम किए हैं, जिससे लोगों को फायदा हुआ है।कमल हासन ने अपने फैन क्लब को कल्याणकारी संगठन में बदल दिया है। वह 'कमल नरपानी इयक्कम' संगठन के जरिए सामाजिक काम करते हैं और लोगों की मदद करते हैं। उनका फैन क्लब रक्तदान और नेत्रदान अभियान आयोजित करने में मदद करता है। वह छात्रों को पढ़ने लिखने की चीजें भी दान करते हैं।साल 2004 में कमल हासन को लोगों की मदद करने के लिए 'अब्राहम कावूर नेशनल अवॉर्ड' से नवाजा गया। वह साल 2010 में हृदयारागम के प्रोजेक्ट अंबेसडर थे। इस संगठन ने एचआईवी/एड्स प्रभावित बच्चों के लिए एक अनाथालय के लिए धन जुटाया। कमल हासन ने कैंसर से प्रभावित बच्चों की मदद की है। सितम्बर 2010 में हासन ने बच्चों के कैंसर राहत कोष का शुभारंभ किया और चेन्नई के पोरुर में मौजूद श्री रामचंद्र विश्वविद्यालय में कैंसर से पीड़ित बच्चों को गुलाब दिए। उन्होंने अपने उत्पाद-प्रचार से होने वाली कमाई को सामाजिक कामों के लिए समर्पित कर दिया है।हासन ने अपनी साथी गौतमी के साथ मार्च 2013 में 'नींगलम वेल्लालम ओरु कोडी' नाम के गेम शो में 50 लाख रुपये जीते। दोनों ने इस पुरस्कार राशि को कैंसर रोगियों का समर्थन करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन 'पेट्रल थान पिल्लया' को दान कर दिया।

## डायरेक्टर सनोज मिश्रा के वीडियो ने चौंकाया, बोले- उसे गिरफ्तार नहीं किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मोनालिसा फेम फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा ने हाल ही में एक वीडियो जारी कर उन्हें झूठे आरोपों में फंसाने वाले व्यक्ति वसीम रिजवी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एक बड़ी चेतावनी दी है। हाल ही में मोनालिसा फेम डायरेक्टर सनोज मिश्रा को झूठे दुष्कर्म आरोपों में दिल्ली उच्च न्यायलय से जमानत मिली थी। अब उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि उन्हें झूठे आरोपों में फंसाने वाले आरोपी वसीम रिजवी को जल्द गिरफ्तार किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो वो अपने पूरे परिवार के साथ अयोध्या जाकर इस्लाम धर्म ग्रहण कर लेंगे। इसके अलावा उन्होंने उस आरोपी की सारी पोल खोल डाली है। आइए जानते हैं। महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा फेम डायरेक्टर सनोज मिश्रा को बीते दिनों दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें झूठे आरोपों में फंसाने के आरोपों में जमानत दी थी। इसके बाद फिल्म निर्देशक की ये पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, 'वसीम रिजवी नाम का एक व्यक्ति जो धर्म परिवर्तन कर, लोगों के साथ छल कर रहा है। अब मैंने उसके आरोपों का पर्दाफाश करना शुरू कर दिया है। उसी के बाद से वह मुझे बदनाम करने की



कोशिश कर रहा है, लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं हो पाया। मेरे स्टाफ और घरेलू सदस्यों को लालच देकर उन्हें मेरे खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की। इतना ही नहीं उसने मेरी एक सहायक निर्देशिका को भड़का कर मुझ पर दुष्कर्म के झूठे आरोप भी लगवाए। हालांकि, मैंने कानून का पालन किया और जेल भी गया, लेकिन बाद में उसने शिकायत वापस ले ली और मुझे रिहा कर दिया गया। इसके बाद मैंने हनुमान मंदिर जाकर दर्शन किए। सत्यमेव जयते।फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा का बयान सामने आया है, जिसमें वह वसीम रिजवी नामक व्यक्ति के गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, जिसने उन पर झूठे आरोप लगाए हैं। जारी हुए इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वसीम रिजवी नाम का व्यक्ति, जो अपनी पहचान छिपाकर अपने आप को जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी कहता है। वो लगातार उन्हें फंसाने की साजिश कर रहा है। इस कारण उन्होंने सरकार और पुलिस से उसकी गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर उसे गिरफ्तार नहीं किया, तो वो अयोध्या धाम जाकर अपने पूरे परिवार के साथ इस्लाम धर्म ग्रहण कर लेंगे।डायरेक्टर सनोज कुमार मिश्रा पर एक महिला ने दुष्कर्म के आरोप लगाए थे, जिसके बाद इस साल 30 मार्च को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। शुक्रवार 30 मई को हुई मामले की सुनवाई में दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देशक को जमानत दे दी थी। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के झूठे आरोपों का बढ़ता चलन समाज के लिए चिंताजनक है।

## डिनर डेट पर युजवेंद्र चहल के साथ नजर आईं महवश, फैंस बोले प्राइवेट मोमेंट खराब मत करो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आरजे से एक्ट्रेस बनीं महवश और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की डेटिंग की खबरें पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रही हैं। अब आईपीएल के फाइनल से पहले दोनों की डिनर डेट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैआईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच मुकाबला होना है। इसी बीच रेडियो जॉकी से अभिनेत्री बनीं ठीक पीछे चहल संग महवश डिनर एन्जॉय करते हुए नजर आ रही हैं। चहल और महवश के इस वीडियो पर फैंस की तरफ से जमकर प्रतिक्रियाएं आईं। कई यूजर्स ने दोनों को साथ में देखकर कमेंट्स किए। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- जलवा है भाई का। वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा- 'इसमें क्या हो गया। खाना ही तो खा रहे हैं।'कई यूजर्स ने इन्फलुएंसर पर निशाना साधते



आरजे महवश एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह है उनके और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के बीच के डेटिंग रूमर्स। अब ये तो आप जानते ही हैं कि पिछले काफी समय से दोनों के एक दूसरे को डेट करने की अटकलें लगाई जा रही हैं, अब महवश और चहल एक साथ डिनर डेट पर स्पॉट हुए हैं। आईपीएल के फिनाले से पहले महवश और चहल का एक दूसरे के साथ डिनर करने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पिंकविला के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर इस वीडियो को शेयर किया गया है। इस वीडियो में इन्फलुएंसर बिपाशा नजर आ रही हैं जिनके हुए कहा कि दोनों के प्राइवेट मोमेंट को इस तरह से पब्लिक करना बिल्कुल भी सही नहीं है। एक यूजर ने लिखा- वो युजवेंद्र चहल और महवश हैं इसलिए अपना रील वायरल करने के लिए ऐसा मत करो।'बता दें आरजे महवश ने कुछ दिन पहले पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मैच के दौरान की तस्वीरें और वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं। उन्होंने ना सिर्फ युजवेंद्र चहल की टीम का झंडा लहराया, बल्कि ये भी कहा कि आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला आरसीबी और पीबीकेएस के बीच होगा।

## कैंसर से जंग हारे हॉलीवुड अभिनेता डेविन हरजेस, 41 की उम्र में हुआ निधन, इंडस्ट्री में पसरा मातम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड एक्टर डेविन हरजेस कैंसर से जंग हार गए हैं। उनका निधन 41 साल की उम्र में हो गया। 'मैनिफेस्ट' और 'डेयरडेविल' जैसी पॉपुलर सीरीज जानवरों के लिए ही अपनी पूरी जिंदगी समर्पित करना चाहते थे लेकिन उन्होंने अपने इस प्यार को पीछे छोड़ अभिनय की राह पकड़ ली। डलास-फोर्ट वर्थ थिएटर से शुरुआत करते हुए वो न्यूयॉर्क हैं। छोटे पर्दे के अलावा इंडी सिनेमा में भी उन्होंने अपनी मजबूत पकड़ बनाई। 'द फॉरेस्ट इज रेड' फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें इटली के टोलेन्टिनो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ



में एक्टर नजर आ चुके हैं।हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। 'बोर्डवॉक एम्पायर', 'गॉथम', 'मैनिफेस्ट' और 'डेयरडेविल' जैसी मशहूर सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाले अमेरिकी एक्टर डेविन हरजेस का 41 साल की उम्र में निधन हो गया। कैंसर की बीमारी से जूझते हुए उन्होंने 27 मई को न्यूयॉर्क सिटी के माउंट सिनाई वेस्ट अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की पुष्टि उनके ऑफिशियल वेबसाइट पर पब्लिश हुए शोक संदेश में की गई है।टेक्सास के लब्बॉक में जन्मे डेविन हरजेस का फिल्मी सफर काफी इंस्पायरिंग रहा। शुरूआत में वो पहुंचे, जहां स्टूडेंट फिल्म्स और ऑफ-ब्रॉडवे नाटकों में अभिनय करते हुए उन्होंने खुद को तराशा।डेविन हरजेस ने 'बोर्डवॉक एम्पायर' में मशहूर बॉक्सिंग लीजेंड जैक डेम्पसी की भूमिका निभाकर खूब सुर्खियां बटोरीं। इसके अलावा नेटफ्लिक्स की साइंस फिक्शन ड्रामा 'मैनिफेस्ट' में उन्होंने पीट बेलर नामक किरदार निभाया था, जो एक ड्रग गैंग का हिस्सा था। 'डेयरडेविल' में वो राइकर्स जेल के एक नर्स के रोल में नजर आए, जबकि 'गॉथम' में एक बैंक गार्ड क्लाइड का किरदार निभाया।उनके दूसरे चर्चित टीवी शोज में 'ब्लू ब्लड्स', 'ऑरेंज इज द न्यू ब्लैक', 'एलीमेंटरी' और 'एफबीआई' शामिल अभिनेता का खिताब मिला।डेविन न सिर्फ अच्छे अभिनेता थे, बल्कि मार्शल आर्ट्स में भी उनकी गहरी रुचि थी। वो नियमित रूप से जिम जाते थे। वो अपनी फिटनेस का काफी ध्यान रखते थे। डेविन हरजेस अपने पीछे माता-पिता रैंडी और रोजेन हरजेस और बहन ट्रिच हरजेस को छोड़ गए हैं। उनके अचानक निधन से हॉलीवुड और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। सोशल मीडिया पर भी फैंस उनके यादगार किरदारों और विनम्र स्वभाव को याद कर रहे हैं। डेविन भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका काम और उनके निभाए गए किरदार हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे।

## 'नमक इश्क का' गाने से पहले काम को तरस रही थीं सिंगर रेखा, आइटम सॉन्ग पर बोलीं- अश्लीलता नहींष्ठ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में गायिका रेखा भारद्वाज ने अपने मशहूर गाने 'नमक इश्क का' के प्रसिद्ध होने के पहले के संघर्षों को याद किया। भारतीय सिंगर रेखा भारद्वाज को गाने के जरिए अपने उस शरारती, नटखट पक्ष को फिर से खोजने में बहुत समय लगा। जब मुझे पहली बार इसे गाने के लिए कहा गया तो मैंने अपना सारा आत्मविश्वास खो दिया था। परंतु, विशाल भारद्वाज सौंदर्यपूर्ण नहीं है, तो मैं उसे गाना नहीं चाहूंगी। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं सस्ती हो जाऊं और कुछ भी गाने लगूं। आइटम सॉन्ग हमारी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी हिस्सा है। लेकिन यह इस बारे



साल 2006 में आई फिल्म 'ओमकारा' के 'नमक' गाने से खास उपलब्धि प्राप्त हुई। इस गाने ने उनकी जिंदगी को वापस पटरी पर लाने का काम किया था। अब गायिका ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया, जब उन्हें काम नहीं मिल रहे थे। आइए जानते हैं सिंगर ने क्या कहा। गायिका रेखा भारद्वाज ने 'ओमकारा' फिल्म के 'नमक' गाने से मिली प्रसिद्धि के दिनों को याद करते हुए न्यूज 18 से बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे ने मुझ पर विश्वास किया और उन्होंने एक रात मुझे इसे गाते हुए एक रिकॉर्डिंग सुनाई और कहा, 'केवल तुम ही इसे गा सकती हो।' इससे मुझे वह प्रेरणा मिली जिसकी मुझे जरूरत थी। उस समय तक, मुझे ज़्यादा काम नहीं मिल रहा था। उस गाने ने मुझे मेरी क्षमता का एहसास कराया।'गायिका ने आगे बातचीत में आइटम सॉन्ग को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'मुझे आइटम सॉन्ग गाने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर वो में है कि इसे कैसे प्रदर्शित किया जाए। एक गाना आंखो को लुभा सकता है, फिर भी गरिमा के साथ। लता मंगेशकर के गाने 'आ जाने जां' को ही देख लीजिए, इस तरह के गानों में शालीनता थी, अश्लीलता नहीं।' रेखा भारद्वाज संगीत की दुनिया का जाना माना नाम हैं। उन्होंने कई गानों में अपने सुरों की जादूगरी दिखाई है। उनके कुछ चर्चित गाने हैं 'हमारी अटरिया पे', 'मोरा जिया लागे ना', 'कबीरा' आदि।

## नई फिल्म की तैयारी में लगे सोनू सूद, मिस वर्ल्ड में अवॉर्ड जीतने के बाद मंदिर पहुंचे अभिनेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद हाल ही में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बताया है। इससे पहले सोनू सूद को मिस वर्ल्ड के इवेंट में सम्मानित किया गया था।बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोमवार सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद एएनआई से बात करते हुए 'फतेह' अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में जानकारी दी। सोनू सूद ने मीडिया



से कहा 'आज से 25 साल पहले मैं यहां आया था। आज, मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। मैं दुनिया में सभी के लिए खुशी, शांति और तरक्की की प्रार्थना करता हूं। हम एक नई फिल्म 'नंदी' शुरू कर रहे हैं। इसमें मैं अभिनय और निर्देशन दोनों कर रहा हूं। यह जल्द ही शुरू होगी।सोनू सूद को हाल ही में तेलंगाना में 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल के ग्रैंड फिनाले में मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोनू सूद को यह पुरस्कार कोविड-19 के दौरान उनके बेहतरीन काम के लिए दिया गया। कोरोना काल के दौरान सोनू सूद लोगों के हीरो बनकर उभरे। मुश्किल वक्त में सोनू सूद ने कम से कम चार लाख लोगों की मदद की। इन लोगों में प्रवासी, छात्र और वंचित परिवार शामिल थे। सोनू सूद ने इन लोगों की मदद करने के लिए दिन रात मेहनत की। यह लोग अचानक अपनी आय खोने से मुश्किल में फंस गए थे। सोनू सूद की लोगों के प्रति उदारता को पूरी दुनिया में पहचाना गया।यह सम्मान मानवता के प्रति उनकी असाधारण सेवा और उनके फाउंडेशन के जरिए सामाजिक उत्थान के लिए किए गए काम के लिए दिया गया। अभिनेता को हैदराबाद के हाईटेक्स एरिना में मिस वर्ल्ड के ग्रैंड फिनाले में सम्मानित किया गया।

स्वात्वाधिसकसार एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सस्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0-09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट- इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हंतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।